# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, सोमवार 26 जनवरी 2026


तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री


11 शास्त्री नृत्य और समूह गान की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, दिखाई प्रतिभा

14 देवांगन समाज ने धूमधाम से मनाई मां परमेश्वरी जयंती














आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर

आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)

9827143060

Ajay Advt.


## खबर संक्षेप

### गृह प्रवेश में गए परिवार के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** गृह प्रवेश में गए परिवार के मकान में ताला तोड़कर अज्ञात ने चोरी कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि दक्षिण वसुन्धरा नगर भिलाई तीन निवासी हीरालाल चंद्राकर का सिरसागेट मे चन्द्राकर डेली निडस के नाम से दुकान है। परिवार समेत 23 जनवरी को मकान में ताला जड़कर गृह प्रवेश कार्यक्रम ग्राम गिरोध सिलतरा रायपुर गए हुए थे। दूसरे दिन वापस लौटने पर देखा मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान के भीतर जाने पर सारा सामान बिखरा हुआ था। मकान के आलामरी से सोना चांदी के जेवरात नगदी रकम 20 हजार गायब मिला। उक्त जेवरातों की कीमत 70 हजार रुपए आंकी गई है। भिलाई तीन थाना क्षेत्र में चोरी की लगातार वारदात होने से पुलिस सुरक्षा व्यवस्था का पोल खोलकर रख दिया है। पूर्व विश्व बैंक कॉलोनी, चरोदा, भिलाई-3, औद्योगिक क्षेत्र में चोरी की वारदातें हो चुकी है। भिलाई-3 पुलिस चोर को पकड़ने में असफल है।

5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा | डीपीआई से आए ब्लू प्रिंट से होगी परीक्षा की तैयारी

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा के 30% अंक जुड़कर तैयार होगा वार्षिक का रिजल्ट, प्रोजेक्ट वर्क भी मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खास खबर

पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा होगी। इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षा के 30 प्रतिशत अंक वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जुड़ेगा। यानी वार्षिक परीक्षा के 70 प्रतिशत अंक ही लिए जाएंगे। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के सभी विषयों के मिले अंक इस 30 प्रतिशत अंक में शामिल किया जाना है। खास बात यह है कि कुल 100 अंक के प्रश्न पत्र होंगे। यह प्रश्न पत्र जिला स्तर पर तैयार किया जाएगा। जिसका ब्लू प्रिंट लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा भेजा जाएगा। विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा का दबाव न पड़े इसके लिए संचालनालय ने परीक्षा की तैयारी अभी से करवाने की हिदायत दी गई है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों के भी प्रश्न पत्र जिला स्तर पर ऐसे ही तैयार किए जाएंगे। प्रश्न पत्र अंग्रेजी माध्यम से तैयार होंगे।



अर्द्धवार्षिक परीक्षा की फाइल फोटो

### दोनों की परीक्षाओं में प्रोजेक्ट वर्क अनिवार्य

पांचवी में में कुल अंक 50 होंगे, जिसमें 40 अंक लिखित परीक्षा एवं 10 अंक प्रोजेक्ट वर्क के होंगे। कक्षा 8वीं में कुल अंक 100 होंगे, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा एवं 20 अंक प्रोजेक्ट वर्क के होंगे। कक्षा 5वीं में 5-5 अंक (कुल 10 अंक) के दो प्रोजेक्ट वर्क एवं कक्षा 8वीं में 10-10 अंक (कुल 20 अंक) के दो प्रोजेक्ट वर्क परीक्षा पहले ही दिया जाएगा। प्रोजेक्ट वर्क 28 फरवरी तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला स्तर पर परीक्षा संचालन करने बनेगी समिति

जिला स्तर पर कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा हेतु जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी अध्यक्ष के रूप में रहेंगे। सदस्यों में डाईट प्राचार्य, सहायक संचालक सदस्य सचिव जिला शिक्षा कार्यालय, सदस्य जिला मिशन समन्वयक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य, हायर सेकेंडरी विद्यालय, प्रधान पाठक, शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय , प्रधान पाठक, शासकीय प्राथमिक विद्यालय और संकुल समन्वयक को शामिल करना है।

### समिति में नहीं रहेंगे नाते-रिश्तेदार

समिति में उन्हें सदस्य ना बनाना है जिनके रिश्तेदार अथवा उनके बच्चे 5वीं या 8वीं की परीक्षा में शामिल होंगे। प्रश्न पत्र का निर्माण पूर्ण गोपनीयता से किया जाना। गोपनीयता भंग होने की शिकायत प्राप्त होने पर इसकी जांच की जाएगी। शिकायत सही पाये जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं आवश्यकतानुसार विधि सम्मत कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

### सरकारी के अलावा निजी स्कूलों में होगी बोर्ड परीक्षा

5वीं एवं 8वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा में सभी शासकीय विद्यालय के साथ ही अनुदान प्राप्त विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ध अशासकीय गैर अनुदान प्राप्त विद्यालयों (हिन्दी, अंग्रेजी माध्यम) के विद्यार्थी अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। सी.बी.एस.ई. और आई.सी.एस.ई. से संबद्ध गैरअनुदान प्राप्त अशासकीय विद्यालय इसमें शामिल नहीं होंगे।

### सेंपल पेपर से होगी परीक्षा की भी तैयारी

डीपीआई ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को हिदायत दी है कि परीक्षा पूर्व तैयारी हेतु सेम्पल प्रश्न पत्रों का निर्माण कर छात्र-छात्राओं को अभ्यास कराया जाए। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा परीक्षा हेतु समय सारिणी जारी की जा रही है। सभी जिलों में जारी समय सारिणी अनुसार परीक्षा संचालित की जाएगी। स्वामी आत्मानंद स्कूल की भी परीक्षा इसी टाइम टेबल पर होगी।

### मदरसा बोर्ड व संस्कृत विद्यामंडलम के पेपर अलग से तैयार

संस्कृत विद्यामण्डलम से संबंधित अशासकीय विद्यालयों में 5वीं एवं 8वीं के विषय पृथक रहते हैं। इसी तरह मदरसा बोर्ड में भी कुछ विषय पृथक रहते हैं। इन विषयों के प्रश्न पत्र छ.ग. मदरसा बोर्ड तथा छ.ग. संस्कृत विद्यामण्डलम द्वारा तैयार किए जा रहे हैं। नमदरसा बोर्ड की कक्षा 5वीं परीक्षा में उर्दू को 5वें विषय के रूप में शामिल किया गया है। इस विषय की परीक्षा के लिए अलग से तिथि निर्धारित होगी। संस्कृत विद्यामण्डलम से संबंधित विद्यालयों हेतु कक्षा 5वीं के लिए संस्कृत एवं हिन्दी-अंग्रेजी का संयुक्त प्रश्न पत्र (कुल दो प्रश्न पत्र) तथा कक्षा 8वीं के लिए व्याकरण एवं साहित्यम, व्यावसायिक संस्कृत तथा हिन्दी एवं अंग्रेजी का संयुक्त प्रश्न पत्र (कुल तीन प्रश्न पत्र) तैयार किए जाएंगे।

### हर छात्र का रोल नंबर

परीक्षार्थियों को रोल नंबर भी एलाट किया जाएगा। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी विद्यालयवार नामिनल रोल तैयार कर जिला शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी नामिनल सेल की सहायता से प्रत्येक विद्यार्थी का रोल नम्बर विद्यालयवार आबंटित कर 28 फरवरी तक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी पहुंचाना है।

### ब्लू प्रिंट स्कूलों में होंगे वितरित



डीपीआई द्वारा जारी ब्लू प्रिंट के हिसाब से परीक्षा ली जानी है। इसलिए ब्लू प्रिंट स्कूलों में वितरित किए जा रहे हैं। ताकि विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी इसी हिसाब से शिक्षक करवा सके। पांचवीं और आठवीं बोर्ड में प्रोजेक्ट वर्क की भी परीक्षा ली जाएगी। अर्द्धवार्षिक परीक्षा के मिले अंक भी वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट में जुड़ेंगे।

**अरविंद कुमार मिश्रा,**
जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

ग्राम चेटवा कुम्हारी थाना क्षेत्र में

# राजस्थान के मजदूरों को ठेकेदार ने बनाया बंधक, भागकर पहुंचे थाने



इन मजदूरों को बनाया गया बंधक, थाने पहुंचकर की शिकायत।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कपास तोड़ने के लिए राजस्थान से बुलाए गए मजदूरों को बंधक बनाने का मामला सामने आया है। घटना ग्राम चेटवा कुम्हारी का है। मिली जानकारी के मुताबिक राजस्थान के अलवर जिले से करीब 15 मजदूर महिलाएं और छोटे बच्चे कपास तोड़ने के लिए दो माह पहले कपास दुर्ग लाए गए थे। नरेश नामक व्यक्ति ने उन्हें काम दिलाने का भरोसा दिया था। जोगेंद्र और उसके भाई गोरा मलिक के खेत में उन्हें कपास तोड़ने का काम दिया गया।

सौदा 10 रुपए प्रति किलो तय हुआ था। मजदूर राजकुमार के मुताबिक तीन माह में उनकी कुल मजदूरी 4 लाख 35 हजार रुपए बनती है। ठेकेदार ने 9 जनवरी को केवल 50 हजार रुपए दिया। जबकि 3 लाख 85 हजार रुपए अब भी बकाया है। जब मजदूरों ने अपनी मजदूरी मांगी तो उन्हें जान से मारने की धमकी ठेकेदार द्वारा दी गई। 22 जनवरी को ठेकेदार और उसके भाई ने उनकी वह डायरी जला दी। जिसमें पूरे काम का हिसाब था। कई मजदूरों के साथ मारपीट भी किया गया। आरोप है कि 10 मजदूरों और 2 बच्चों को खेत में बंधक बनाकर रखा गया था। किसी को बाहर जाने नहीं दिया जा रहा था। इस दौरान आरोप है कि जोगेंद्र और गोरा मलिक ने मजदूरों को गोली मारने की धमकी दी। इस मामले में ठेकेदार जोगेन्द्र मजदूरों द्वारा लगाए गए सभी आरोप को गलत ठहराया है। मजदूरों से उसका कोई विवाद नहीं है। इसके अलावा सीएसपी प्रशांत कुमार ने बताया कि मजदूरों को बातचीत के लिए बुलाया गया था, लेकिन वे सामने नहीं आए। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### खेत से निकलकर मंदिर में रात गुजारी

बताया गया है कि डर के कारण कुछ मजदूर भागकर कुम्हारी पुलिस थाना पहुंचे। पुलिस ने उनकी मदद करना छोड़ ठेकेदारों का साथ देने का आरोप मजदूरों ने लगाया। रात करीब 3 बजे मजदूरों ने अपनी जान जान बचाकर खेत से निकलकर चरोदा के एक मंदिर पहुंचे। जहां रात गुजारी। मजदूरों ने घटना का वीडियो भी बनाया है। जिसमें बातचीत रिकॉर्ड हुई है। 24 जनवरी को मजदूर भिलाई-3 एसडीएम कार्यालय पहुंचे और लिखित शिकायत की है। ठेकेदार के खिलाफ पुलिस ने धारा 151 के तहत अपराध दर्ज किया है। दोनों पक्षों को दोबारा बुलाकर बातचीत कराने की बात पुलिस कह रही है।

# युवक की संदिग्ध मौत, आरोप-दोस्तों ने की मारपीट, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



युवक की संदिग्ध हालत में मौत मामले में पुलिस मर्ग कायम जांच कर रही है। दुर्ग पुलिस ने बताया कि कसारीड़ीह दुर्ग निवासी ऋषि निर्मलकर को गंभीर हाल में अस्पताल में दाखिल किया गया था। वहां उसकी मौत हो गई है। आरोप है कि ऋषि के कुछ दोस्तों ने बेरहमी से मारपीट किया है। ऋषि के पिता के मुताबिक घटना 20 जनवरी की है, तीन युवक ऋषि को अपने साथ लेकर गए थे। बताया गया कि वे उसे दुर्ग के इंदिरा मार्केट के पास स्थित एक होटल में लेकर गए। जहां उसके साथ मारपीट किया गया। पिता का आरोप है कि पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था। इसी कारण से ऋषि के साथ मारपीट की गई। उक्त बात को ऋषि के दोस्तों ने उसके पिता को दी। ऋषि को होटल में ले जाकर मारपीट करने के बाद उसे आरोपियों ने उसे छोड़कर फरार हो गए। ऋषि ने अपने दोस्तों को फोन किया। दोस्त होटल पहुंचे और उसे घर लेकर आए। घर पहुंचा तो उसकी आंख और कान सूजा हुआ था। घटना के दो दिन बात ऋषि की तबियत बिगड़नी शुरू हुई। परिजन उसे भिलाई के के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। उपचार के दौरान दो घंटे बाद ही उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही असली कारण पता चल पाएगा।

**निजी अस्पताल में हुई मौत**

# अमानत में खयानत मामला चार युवक पुलिस गिरफ्त में

**भिलाई।** अमानत में खयानत करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणी शंकर चंद्रा ने बताया कि प्रदीप कुमार शुक्ला ने शिकायत किया था कि ट्रक सीजी 04 पीआर 8522 के चालक उरला रायपुर निवासी अमीर खान व स्वामी धरमजयगढ़ जिला रायगढ़, हाल पता राजेन्द्र नगर रायपुर तरूण कुमार यादव ने 29 दिसंबर को मित्तल इंडस्ट्रीज रसमड़ा बोराई दुर्ग से एचची वायर और वाईडिग वाहन 12 टन 50 किलो के मॉल को मौली उद्योग पुणे जाने के लिए निकले थे। लेकिन कुछ दिनों बाद जहां मल्ल जाना था वहां नहीं पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी तरुण के वाहन का फर्जी किरायानामा बनाकर उस ट्रक को ट्रांसपोर्टर से आर्डर मिलने पर माल लोड किया। पार्टी के पास न छोड़कर पहचान के कबाड़ी आमीर खान के



पास आरोपी तरुण ने बेच दिया। आरोपी ने पैसा कमाकर ट्रक को चोरी होने का प्लान किया था। बेचे गए सामान के रकम को आपस में आरोपियों ने बांटना स्वीकार किया। पुलिस ने मामले में प्रयागराज उत्तर प्रदेश हाल पता गांजीनगर वीरगांव, खमतराई, रायपुर निवासी मोहम्मद साहिबे आलम उर्फ समीर, प्रयागराज उत्तर प्रदेश हाल पता वीररगांव रायपुर अरबाज खान को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से वाहन कीमत 20 लाख, बिक्री रकम 15 हजार और 4 मोबाईल फोन जब्त किया गया।

# नशे की हालत में हनुमान मंदिर की मूर्ति में तोड़फोड़, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हनुमान मंदिर में तोडफोड़ करने का मामला समने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि ग्राम हनोदा के भाठापारा बाजार चौक में स्थित प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर है। जहां नशे की हालत में युवक ने मूर्ति पर हमला कर दिया। भगवान हनुमान की मूर्ति को नुकसान पहुंचा और गांव के लोग आक्रोशित हो गए। आरोपी युवक भूपेंद्र बंजारे नशे की हालत में मंदिर परिसर पहुंचा। जहां मूर्ति के



- आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

पास रखी हनुमानजी की गदा को उठाकर मूर्ति को क्षतिग्रस्त किया। घटना के दौरान ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मंदिर के पुजारी आर्यनाथ योगी के मुताबिक यह मंदिर गांव की प्राचीन दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर है। जो वर्षों से ग्रामीणों की आस्था का केंद्र रहा है। इस कृत्य से हमारे हिंदुओं की आस्था को ठेस पहुंची है। घटना में मंदिर और मूर्ति पूरी तरह खंडित हो चुकी है। दोषी युवक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशे की हालत में था और उसने गदा उठाकर मूर्ति पर प्रहार किया, जिससे मूर्ति और गदा को नुकसान पहुंचा है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

ट्रैफिक व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर भिलाई निगम व ट्रैफिक पुलिस की सख्ती

# सुपेला संडे मार्केट में फिर कार्रवाई, सुरक्षा के बीच हटाए अवैध कब्जे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला संडे मार्केट को व्यवस्थित करने लगातार दूसरे रविवार को फिर भिलाई निगम और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई को अंजाम दिया। सड़क पर कारोबार करने अवैध कब्जे करने वालों को हटाया गया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा।

चेतावनी के बाद भी लोगों ने अलसुबह अपने ठेले-खोमचे और चलित दुकानों को लेकर आ पहुंचे थे। इसकी सूचना जैसे ही प्रशासन को लगी निगम और पुलिस की टीम यहां आ पहुंची और लोगों को खदेड़ा।



अवैध कब्जे पर कार्रवाई करते हुए निगम का अमला।

### अलसुबह 6 बजे से चली कार्रवाई

नगर निगम की टीम रविवार को फिर सुबह 6 बजे जैसे मौके पर पहुंची। अवैध रूप से लगाए गए ठेले, दुकानें और अस्थायी निर्माण हटाने का काम किया गया। वैशाली नगर टीआई सहित अन्य थानों का पुलिस बल मौजूद रहने के चलते विरोध से व्यापारी पीछे हट गए। जो दुकानदार अपनी तय सीमा से बाहर दुकान लगाए थे उनकी सामग्री को जब्त कर बुलडोजर से गाड़ी में डाला गया।

### पहले हटाए थे 150 कब्जे

निगम भिलाई और पुलिस प्रशासन की टीम ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के लिए हर रविवार सुबह सुपेला संडे मार्केट में अवैध कब्जों को हटाया जा रहा है। पहली कार्रवाई 18 जनवरी की सुबह की गई थी, जिसमें करीब 150 दुकानों से अवैध कब्जे हटाए गए थे।

### पूरी सड़क अब दिख रही खाली

सुपेला संडे मार्केट में बेतरतीब ढंग से दुकानें लगने के कारण हर रविवार को ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो जाती थी। सड़क पर अतक्रिमण की वजह से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सुपेला चौक से गदा चौक तक दुपहिया वाहन तक नहीं निकल पाते थे। लोगों ने इस कार्रवाई को लगातार कर मानिटरिंग करने का सुझाव दिया है। वहीं निगम की इस कार्रवाई का सुपेला बाजार के व्यापारी विरोध भी कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि सुपेला का संडे बाजार 10 साल पहले ही हट चुका है। संडे बाजार फुटपाथ पर लगता था, जिसे हटा दिया गया है। नगर निगम प्रशासन यह कार्रवाई पूरी प्लानिंग के साथ कर रही है। कार्रवाई से पहले ही सभी दुकानदारों को अपने अतक्रिमण हटाने की चेतावनी दी जा चुकी थी। निगम लगातार पांच रविवार ये कार्रवाई करेगा। निगम ने कहा जो भी तय सीमां से बाहर दुकान संचालित करेगा उसे हटाया जाएगा।




# प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ...













भारत का गणतंत्र दिवस हर वर्ष 26 जनवरी को बड़े गर्व और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह दिन हमारे देश के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और देश एक संपूर्ण गणराज्य बना। इस दिन भारत के नागरिकों को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार मिला।

गणतंत्र दिवस हमें लोकतंत्र की शक्ति और संविधान की गरिमा का स्मरण कराता है। यह पर्व देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस दिन पूरे देश में तिरंगा फहराया जाता है और राष्ट्रगान गाया जाता है। विद्यालयों, कार्यालयों और संस्थानों में विविध कार्यक्रम आयोजित होते हैं। वीर सेनानियों और स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक याद किया जाता है। गणतंत्र दिवस हमें अपने कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा देता है। यह दिन हमें एक जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश देता है। हम सभी को मिलकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए। गणतंत्र दिवस वास्तव में गर्व, सम्मान और देशभक्ति का पर्व है।
























Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

## लाइव इवेंट

### राधा कृष्ण विग्रहों की विशेष श्रृंगार कर किया हवन, मनाया 61वां स्थापना दिवस



**भिलाई।** ब्रजमंडल भिलाई ने अपना 61वां स्थापना दिवस भक्ति भाव और परंपरागत तरीके के साथ मनाया। इस अवसर पर राधा कृष्ण विग्रहों की विशेष साज-सज्जा की गई। इस दौरान यजमान अशोक कुमार निगम और रेखा निगम, संरक्षक अनिल कुमार मित्तल, वरिष्ठ सचिव प्रदीप वर्मा और विरेन्द्र सिंह ठाकुर, अखिलेश त्रिपाठी और राजकुमार वर्मा ने पूजापाठ किया। विग्रहों का विशेष महाभिषेक पंडित सुनील कुमार द्विवेदी द्वारा कराया गया। इस अवसर पर सर्वजन कल्याणार्थ के लिए महामृत्युंजय मंत्रों द्वारा यज्ञ-हवन किया गया। जिसमें मनोहर लाल नार्वल, ऊषा बाई नार्वल और महासचिव सूरज मंगला उपस्थित रही। साथ ही ढाई साल के बालक अक्षत द्विवेदी को पं सुनील द्विवेदी द्वारा अक्षर ज्ञान करा कर विद्या आरंभ संस्कार किया गया।

श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति दी। कार्यक्रम का संचालन विरेन्द्र कुमार शर्मा ने किया। आभार प्रदर्शन अध्यक्ष राकेश कुमार यदुवंशी ने किया। इस अवसर पर जगदीश प्रसाद शर्मा, राजपाल सिंह राघव, मोहन लाल शर्मा, अनिल कुमार मित्तल, अतवीर सिंह राघव, गिरीश गुप्ता, हरीश कुमार गुहे, प्रदीप कुमार वर्मा, अखिलेश त्रिपाठी, दिलीप कुमार वर्मा सहित सभी भक्तों ने सपत्नीक हवन में आहुति दी। हवन पश्चात श्री राधाकृष्ण मंदिर में महाआरती की गई। तदुपरांत सुप्रसिद्ध नृत्य निर्देशक बेनू नाग द्वारा प्रशिक्षित बालिकाओं ने सरस्वती वंदना पर आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीमती अनुराधा मंगल, बेनू नाग,मेघा,मानसी , प्रेरणा, ख्याति, मनस्वी, सहित गिरीश गुप्ता जी ने मधुर भजन एवं गीत संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किए ।अंत में उपस्थित सभी लोगों ने भोजन प्रसाद का आनंद लिया।



## सिटी इवेंट

### कला प्रतिभाओं का सम्मान, ड्राइंग और संगीत स्पर्धा के विजेताओं को मिले पुरस्कार



- सैकड़ों बच्चों और कलाकारों की प्रतिभा को मिला मंच
- भिलाई बंगाली समाज का आयोजन

**भिलाई।** ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर में चित्रकला और संगीत प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बच्चों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा ऑल छत्तीसगढ़ ओपन बंगाली संगीत प्रतियोगिता का आयोजन 11 और 12 जनवरी को बीएसपी आदर्श मीडिल स्कूल सेक्टर-7 भिलाई में किया गया था। वहीं 7 दिसंबर 2025 ड्राइंग प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से लेकर 10 वीं तक के करीब 600 बच्चों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया था। इसके लिए दुर्ग जिले में कुल 15 सेंटर बनाए गए थे। इन दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं का सम्मान किया गया। संगीत प्रतियोगिता में ग्रुप ए में प्रथम प्रिशिता उमरे, द्वितीय अक्षत त्रिपाठी, तृतीय अशर अकिल रहे। ग्रुप बी में प्रथम कार्तिका तिवारी, द्वितीय स्वीटी मैती, तृतीय सायंतिका सिल, ग्रुप सी में प्राथम आकृति दत्ता, द्वितीय सौम्योजीत चक्रवर्ती, तृतीय पारुल सरकार, ग्रुप डी में प्रथम तुहिनादी सान्याल, द्वितीय बोनानी बिस्वास, डॉ. सुभद्रा रानी मित्रा तृतीय स्थान पर रहे। वहीं ग्रुप ए में संस्कार मजूमदार और जग्गोसेनी सान्याल, ग्रुप बी में सोनाक्षी बिस्वास और सहिस्त सार, ग्रुप सी में सानवी चौधरी, ग्रुप डी में तारा शंकर दत्ता, रस्मिता दास और वासवती बोस को स्वांत्वना पुरस्कार प्रदान की गई।

#### ड्राइंग प्रतियोगिता के विजेता

ड्राइंग प्रतियोगिता में ग्रुप-ए में पहला जाह्नवी अंबवानी, दूसरा गुरमीत कौर, तीसरा यशवी मंडल रहे। युदित, पनशुल धावले, मिशिता सेन, गुरुप्रिया कौर, भाविका ठाकुर, अर्ज्याही चक्रवर्ती, आयुष्मान साहू, नेहा बारले, लक्षिता, हिंदवी, रेवंथ पांडे को स्वांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। ग्रुप बी में पहला अनिका बाम्बोडे, दूसरा आरुषि यादव, तीसरा ऋषा खेतान, सांत्वना पुरस्कार अहेली दास, भूमिका कोचेंद्र, भूमिका वर्मा, पलाश हलधर, शिफा निकोल्स, अंशिका मिश्रा, प्रीतम मिश्रा, बनिता मकल, भूमिका अग्रवाल, यथार्थ गुप्ता को दिया गया। ग्रुप सी में प्रथम शबा रानी, दूसरा सियोना सेन, तीसरी माधुरी सिंह सहित अभिनव रजक, सयादा बानो, अधीरा शर्मा, आशी बडोले, अन्वेषा तिवारी, डोयेल नंदी, सगुन यादव, अर्शित नायले, अश्वर्धा जायसवाल, ओविया मौर्य को स्वांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ग्रुप डी में प्रथम ए ऋषिक, दूसरा काव्या बंसोड़, तनीषी गुप्ता तीसरे स्थान पर रही। वहीं आशिता सोनी, अर्घदीप सेन, अर्पिता शिवारे, हर्षिता मिश्रा, कार्तिकी कुमारी शर्मा, अनुष्का पांडे, आकाश शाह, मोनिका साहू, सिया निगम, प्रज्ञा पाल को स्वांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

## आजादी के जश्न में डूबेगी ट्विनसिटी, जगह-जगह होंगे देशभक्ति के आयोजन



# गणतंत्र दिवस पर इस बार कॉटन, सिल्क, खादी से बने लहराएंगे झंडे, निकलेगी तिरंगा रैली व प्रभात फेरी

**गणतंत्र दिवस के पहले ही उत्सव की तैयारी के लिए बाजार सजा हुआ है। इस साल पहली बार कई ऐसी चीजें लोगों को बाजार में मिलने वाली हैं, जो पहले देखने को नहीं मिलती थी। दुकानों में गणतंत्र दिवस के इस पर्व को प्लास्टिक मुक्त करने के लिहाज से भी लोग सामान सजाएं हुए हैं। मेटल का हवाई जहाज ही नहीं अशोक चक्र, शांति का कबूतर भी बैच के रूप में दिलों के पास सजने वाला है। इतना ही नहीं घर, ऑफिस व कारों में लोग फाइबर से तैयार किया गया तिरंगा चक्र भी लगाने के लिए खरीद रहे। इसे खरीदने के लिए इस बार फैंसी स्टोर्स के संचालक भी बल्क में आर्डर किये थे। इनमें से अधिकतर वस्तुएं रायपुर और मुंबई से मंगाई गई है।इस बार ट्विनसिटी में रोड के किनारे ठेलों आदि में बंजारे समुदाय के लोग तिरंगा झंडा, बेंड, बच्चों के लिए हवा में उड़ती फिरकी, रिबन आदि बेचते हुए देशभक्ति का सुंदर नजारा हर जगह दिखाई दे रहा है।**

### शांति का कबूतर खास

पावर हाउस के थोक व्यापारी विष्णु गोयल ने बताया कि दुकानों पर इस पर्व को प्लास्टिक मुक्त करने के लिहाज से भी बाजार सजाया है। मेटल का हवाई जहाज, अशोक चक्र, शांति का कबूतर भी बैच के रूप में दिल के पास सजने वाला है। घर, ऑफिस व कारों में लोग फाइबर से बना तिरंगा चक्र भी लगाने के लिए आर्डर कर रहे हैं। इसे खरीदने के लिए इस बार फैंसी स्टोर्स के संचालक भी बल्क में आर्डर करने पहुंचने लगे हैं। इनमें से अधिकतर वस्तुएं मुंबई, दिल्ली से मंगाई गई है।





### खास तरीके से किया डिजाइन

होल सेलर विष्णु गोयल ने बताया कि इस बार गणतंत्र दिवस को यादगार बनाने के लिए प्लास्टिक से तैयार किसी भी सामग्री को रखने से बच रहे हैं। पहले ज्यादातर प्लास्टिक वर्क वाले तिरंगा बैच ही बिकते थे। इस सीजन में मुंबई से खास तरीके से डिजाइन किए गए बैच मंगाए गए हैं। इनकी कीमत भी 20 से 50 रुपए प्रति नग है। इससे लोग खरीदने में रुचि ले रहे हैं। मेटल वर्क वाले बैच को संभाल कर रख सकते हैं, यानी इसे लोग जहां-तहां नहीं फेकेंगे। एक बार खरीदने के बाद कई साल तक इसका इस्तेमाल खास मौके पर कर सकेंगे।

**भिलाई।** इस गणतंत्र दिवस को खास बनाने के लिए मार्केट में कॉटन, सिल्क, रेशम और खादी के कपड़े से निर्मित तिरंगा बाजार में पसंद किया जा रहा है। इस दिन झंडा लेकर छोटे बच्चे स्कूल जाना पसंद करते हैं। 26 जनवरी को भारी डिमांड के चलते पावर हाउस में थोक व्यावसायियों ने बताया कि इस बार हर वर्ग को उत्सव का एहसास कराने के लिए देशभक्ति से ओतप्रोत कई तरह की सामग्री बाजार में उपलब्ध है। इस साल पहली बार कई चीजें लोगों को बाजार में मिलने वाली हैं, जो पहले नहीं मिलती थीं।

### खास तरीके से डिजाइन

इस बार गणतंत्र दिवस को यादगार बनाने के लिए प्लास्टिक से तैयार सामग्री रखने से दुकानदार बच रहे हैं। पहले प्लास्टिक वर्क वाले तिरंगा बैच ही बिकते थे। इस सीजन में मुंबई से खास तरीके से डिजाइन किए गए बैच आए हैं। इनकी कीमत भी 30 से 50 रुपए प्रति नग है। इससे लोग खरीदने में रुचि ले रहे हैं। मेटल वर्क वाले बैच संभालकर रख सकते हैं, यानी इसे लोग जहां-तहां नहीं फेकेंगे। इसे कई साल तक खास मौके पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### रिस्ट बैंड व टेबल स्टैंड भी

आजादी के उत्सव को लोग रिस्ट बैंड बांधकर भी खास बना सकेंगे। इसके लिए कई तरह की डिजाइनर्स रिस्ट बैंड को कपड़े का उपयोग करके तैयार किया गया है। कारोबारियों ने बताया कि इस बार भी बास व मेटल के साथ ही कपड़े की मदद से देशभक्ति की भावना को प्रदर्शित करते टेबल में रखने खास तरह के स्टैंड डिजाइन किए गए हैं। इसे लोग ऑफिस ही नहीं कारों में भी रख सकेंगे। इसके खराब होने व टूट-फूट की संभावना भी कम होगी। करीब 400 की रेंज में मिलने से कार श्रृंगार करने वाले इसे बल्क में खरीद रहे हैं।

# श्रद्धा और देशभक्ति के भाव से की सरस्वती पूजा, मनी सुभाष चंद्र बोस जयंती



**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के नॉर्थ जोन गार्डन में माघ मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विद्या, ज्ञान, कला और संगीत की देवी माता सरस्वती के प्राकट्य दिवस के रूप में परंपरागत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इसके साथ ही महान क्रांतिकारी एवं स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती भी पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इन दोनों ही पर्वों पर श्रद्धा भाव और देश भक्ति का मिलाजुला जज्बा देखने को मिला। सबसे पहले पंडित प्रबीर भादुड़ी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा स्थल पर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की।



### नि:शुल्क शास्त्रीय गायन का प्रशिक्षण

उन्होंने विधिविधान से पूजा संपन्न कराने के पश्चात हवन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया। विसर्जन शनिवार सुबह किया गया।कार्यक्रम का समापन संध्या आरती के साथ माता सरस्वती की पुनः पूजा-अर्चना कर किया गया। इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में तपन कुमार नाथ, बी. सनमुख राव, कुलदीप कौर, स्वप्ना नाथ, बी. तुलसी राव, तिलोत्तमा गजभिये, राधे लाल, आर. एस. अग्रवाल, राजऋषि गुप्ता, के. टी. अनिल, सुभाष नायर, जीतेन्द्र नायर, विनोद मरार सहित अनेक कॉलोनीवासियों का सक्रिय योगदान रहा। इस अवसर पर 'राग मंजरी' ग्रुप द्वारा यह घोषणा भी की गई कि कॉलोनी के बच्चों को उनके द्वारा नि:शुल्क शास्त्रीय गायन, भरतनाट्यम एवं कथक का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिससे सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जा सके।

### छोटे-छोटे बच्चों ने किया अक्षराभ्यास

इस अवसर पर अपने माता-पिता के साथ बड़ी संख्या में उपस्थित छोटे-छोटे बच्चों से पंडित द्वारा अक्षराभ्यास करवाकर विद्यारंभ संस्कार कराया गया। पूजा के बाद भिलाई की राग मंजरी ग्रुप द्वारा भक्ति गीतों एवं देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हुए देश की स्वतंत्रता के लिए उनके अतुलनीय योगदान को नमन किया गया। इस सांस्कृतिक संध्या में छत्तीसगढ़ी भक्ति गीतों की प्रस्तुति भी विशेष आकर्षण रही।रागमंजरी ने दी संगीतमय प्रस्तुति। 'राग मंजरी' ग्रुप की ओर से जगदीश बामनिया, प्रमोद ताम्रकार, रौशनी निर्वाण, जीवनंदन वर्मा, किशोर जाटव, महेश विश्वकर्मा, तपन कुमार नाथ तथा मनीषा भट्ट ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात भोग-प्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से ग्रहण किया। कॉलोनी की महिला भजन मंडली द्वारा भजन गायन प्रस्तुत किया गया, जिसमें मुख्य रूप से सरिता खरे, निशा चौधरी, सुशीला, सरोज तिवारी, तरुणा देशमुख, रानी, बसवम्मा एवं निर्मला ने सहभागिता निभाई। भजन कार्यक्रम देर शाम तक चलता रहा।

# शास्त्री नृत्य और समूह गान की प्रस्तुतियों ने मोहा मन, दिखाई प्रतिभा



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय, सीआईएसएफ भिलाई में बसंत पंचमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर में भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्य भुबनेश्वरी रहीं। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने शास्त्रीय नृत्य, समूह गान और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें उपस्थितजनों ने सराहना के साथ देखा। कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों की कला, आत्मविश्वास और रचनात्मकता स्पष्ट रूप से नजर आई। मुख्य अतिथि प्राचार्य भुबनेश्वरी ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या, कला और संस्कारों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि उसमें नैतिक मूल्य, सांस्कृतिक चेतना और मानवीय संवेदनाएं भी शामिल होनी चाहिए। कार्यक्रम का मंच संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर रूना चौधरी, गीतू, सोमा शील गुहा, सृजन, सुनीता गावांडे, शैलेश बेंजामिन, एबी सिंह, डॉ. पंकज शुक्ला आदि उपस्थित थे।

## डीपीएस दुर्ग का संगीतमय समारोह का आयोजन

कार्नर न्यूज

# विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों को अभिभावकों और दर्शकों की मिली सराहना



**दुर्ग। दुर्ग दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग द्वारा रविवार को छात्रों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने एवं उनमें राष्ट्रीयता की भावना को बढ़ाने इसी उद्देश्य से सूर्या ट्रेजर मॉल में संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रभक्ति युक्त नृत्य से हुई। विद्यार्थियों ने तत्पश्चात गायन, नृत्य, कीबोर्ड व गणतंत्र दिवस के बारे में बहुत सुंदर जानकारी दी। जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया।**



### बच्चों ने नृत्य और गायन की प्रस्तुति

विविध प्रस्तुतियों से दर्शक दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग का लोहा मानने को मजबूर हो गए। एकल नृत्य, गायन और समूह नृत्य, गायन ने लोगों का ध्यान अपनी ओर विशेष रूप से आकर्षित किया। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के विद्यार्थीयों ने भाग लिया। विद्यार्थियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों ने अभिभावकों एवं दर्शकों की बहुत सराहना पाई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, राष्ट्रभक्ति और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



**जिला संवाद 2026 : कहीं तीखे सवालों से घिरे नेता, मंत्री तो कहीं हंसते हुए मजाकिया अंदाज में दिया जवाब, जमकर बजीं तालियां**

# ट्विनसिटी के डेवलपमेंट को लेकर मिली अहम जानकारी, बनेगा केपिटल रिजन

**भिलाई।** हरिभूमि और आईएनएच न्यूज चैनल के द्वारा 24 जनवरी को कलामंदिर सेक्टर-6 में जिला संवाद 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने मंत्री, विधायक, महापौर व अन्य बड़े नेताओं से सवाल-जवाब किए। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत भी भव्य तरीके से किया गया।


श्री शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आईपी मिश्रा का स्वागत करते हुए।


भिलाई महापौर नीरज पाल का स्वागत करते हुए।


केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का स्वागत करते हुए।


हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का स्वागत करते हुए।


खादी ग्रामोद्योग के अध्यक्ष राकेश पांडेय का स्वागत करते हुए।


हरिभूमि व आईएनएच न्यूज के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का स्वागत करते हुए।


चरोदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे का स्वागत करते हुए।


पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय का स्वागत करते हुए।


कांग्रेस के भिलाई जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर का स्वागत करते हुए।


केबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का स्वागत करते हुए।


रिसाली की महापौर शशि सिन्हा का स्वागत करते हुए।



भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव का स्वागत करते हुए।


रिसाली की महापौर शशि सिन्हा का स्वागत करते हुए।

**सिटी इवेंट**

## आयुष यूनिवर्सिटी के एमडीएस के नतीजे घोषित, मलाइका रही प्रथम



**भिलाई।** नैक ए ग्रेड से मान्यता प्राप्त संस्था रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च (आरसीडीएसआर) ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित एमडीएस पार्ट 2 की विश्वविद्यालय परीक्षा के घोषित परिणामों में रूंगटा डेंटल कॉलेज के 10 छात्रों ने टॉप 10 रैंक प्राप्त किए हैं। आरसीडीएसआर लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है और हाल ही में इंडिया टूडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया गया है। कॉलेज में नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और अनुभवी एवं प्रशिक्षित संकाय सदस्यों की टीम मौजूद है जो छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अद्भुत उपलब्धि पर रूंगटा समूह के चेयरमैन संजय रूंगटा ने छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। वहीं कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह उत्कृष्टता की रात पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। एमडीएस पार्ट- 2 में मलाइका वर्मा कन्जबेटिव एण्ड एंडोडोंर्टिक्स ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, देवालीना पेडोडाँटिक्स ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा संजना अग्रवाल प्रोस्थोडोंटिक्स, सिवरन कन्जवेटिव एण्ड एंडोडोंटिक्स, बी. पल्लवी पेडोडोंटिक्स, सायनकर शिवांणी किरन पेरियोडोंटोलॉजी, चंदन सिंह ओरल सर्जरी, राउत अकांक्षा विनोद पेरियोडोंटोलॉजी, दहिकर ऐश्वर्या प्रदीप अर्थोडोंटिक्स ने क्रमशः तीसरा, चौथा, पांचवा, सातंवा, आठवा, नवां एवं दसवा स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर रिसाली निगम कर्मियों ने लिया संकल्प



**भिलाई।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली ने कार्यक्रम का आयोजन किया। रविवार को आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे ने कर्मचारियों को संकल्प दिलाया। नियमित और प्लेसमेंट कर्मचारियों ने निर्भिक और बिना प्रभाव में आकर मतदान करने की शपथ ली। इस अवसर पर इंजीनियर अखिलेश गुप्ता, जयंत शर्मा, रेवती रमन , धर्मेंद्र मिश्रा, गोपाल सिन्हा, रवि श्रीवास्तव, योगेश सुरे, महेश टंडन, अखिलेश वर्मा, विवेक रंगनाथ आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चंद्रपाल हरमुख ने किया।

**सकारात्मक पहल**

## निःशुल्क जांच शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान, पांच सौ से अधिक हेलमेट भी बांटे गए




**भिलाई।** स्वर्गीय बीरा सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके बेटे इंद्रजीत सिंह उर्फ छोटू अपने पिता के समाजसेवा से जुड़े सपनों को साकार कर रहे हैं। इसी क्रम में सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रविवार को खुर्सीपार गेट स्थित मुख्य कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दुर्ग परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्व. बीरा सिंह अस्पताल की ओर से ड्राइवरों और हेल्परों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में रक्त जांच, बीपी जांच, आंखों की जांच की गई और 50 से अधिक लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान 500 से अधिक हेलमेट वितरित किए गए, जिनमें 100 हेलमेट महिलाओं को दिए गए। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए लोकल नाटक का मंचन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूबीएस चौहान, अतिरिक्त परिवहन आयुक्त छत्तीसगढ़, एस. लकड़ा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, सुखनंदन राठौर एडीशनल एसपी शहर, सत्यप्रकाश तिवारी सीएसपी भिलाई, नशामुक्ति केंद्र से गुरु अजय कल्याणी सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त यूबीएस चौहान ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से युवा ट्रांसपोर्टर इंद्रजीत सिंह द्वारा ड्राइवरों और हेल्परों को जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। स्व. बीरा सिंह के विचारों और सपनों को आगे बढ़ाने का कार्य इंद्रजीत कर रहे हैं, इसके लिए उनका और उनके संगठन का आभार है। कार्यक्रम में जोसफ साजन, समाजसेवी अनिल सिंह, छत्तीसगढ़ सिख पंचायत के महासचिव गुरनाम सिंह, जोगा राव, सुनील चौधरी, अनिल चौधरी, मलकीत सिंह लल्लू भी मौजूद थे।

## सम्मान से मनाई जाएगी चंदूलाल की पुण्यतिथि

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ मातृशक्ति संगठन की बैठक सेक्टर-2 में आयोजित की गई। बैठक में संगठन द्वारा निर्णय लिया गया कि पूर्व सांसद, केंद्रीय मंत्री, स्वतंत्रता संग्राम काल के वरिष्ठ पत्रकार और छत्तीसगढ़ आंदोलन के प्रणेता स्वर्गीय चंदूलाल की पुण्यतिथि शक्ति सदन में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। बैठक में यह भी तय किया गया कि इस अवसर पर लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ माने जाने वाले पत्रकारिता जगत को नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से नगर के किसी एक वरिष्ठ पत्रकार को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही वरिष्ठ पत्रकार सम्मान की एक परंपरा की शुरुआत की जाएगी। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदार पत्रकारिता समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। यह पहल लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को मजबूत करने और सामाजिक चेतना को जागृत करने की दिशा में एक सार्थक कदम होगी।



**डॉग स्क्वाड भी तैनात रहा**

## गणतंत्र दिवस की सुरक्षा को लेकर चेकिंग, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम



**भिलाई।** सोमवार को गणतंत्र दिवस पर शहर में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने पुलिस जुट गई है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस दुर्ग-भिलाई के रेल्वे स्टेशनों, बस स्टेण्ड, भीड़ वाले क्षेत्रों, बाजारों आदि की सघन चेकिंग चला। बीडीएस टीम, एंटी सेबोटाज टीम, डॉग स्क्वाड ने प्रतिक्षालय, सामानों, गोदामों, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेण्ड परिसर की चेकिंग की गई।

संदिग्ध किस्म के लोगों से पुलिस ने पूछताछ भी किया है। इसके अलावा जिले की सीमा वाले प्रत्येक मार्गों पर पर्याप्त बल लगाया जाकर नाकेबंदी की जा रही है। शहर के होटलों में पुलिस ने पहुंचकर रुकने वालों का डिटेल भी खंगाला है। इसके अलावा हर आने जाने वाले चार पहिया, दो पहिया वाहन चालकों से भी पूछताछ की गई। वाहनों के डिक्की को खोलकर चेक भी किया गया है। चेकिंग में पुलिस के तीन दर्जन से भी अधिक जवानों को लगाया गया है।

**आरपीएफ ने भी किया चेकिंग :** मुख्यालय दुर्ग के रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने सघन जांच अभियान चलाया है। अब तक की कवायद में स्टेशन परिसर में किसी भी तरह का कोई संदग्धि गतिविधि या हरकत नजर नहीं आना राहत भरा है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दुर्ग संजीव कुमार द्वारा बल सदस्य व टी आई, लोकल थाना मोहन नगर, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वाड और जीआरपी के साथ सुरक्षात्मक सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मेन गेट पर लगे बैगेज स्कैनर से यात्रियों के सामानों की चेकिंग स्वान के साथ की गई। पार्सल कार्यालय में बुक करने हेतु तथा आवक पार्सल को, पार्सल स्कैनर मशीन द्वारा चेक किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


Happy Republic Day


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
ममता देवांगन
पूर्व पार्षद वार्ड-2, राजीव नगर दुर्ग
गोविंद देवांगन
पार्षद वार्ड-2, राजीव नगर दुर्ग


ARYA SHIKSHA SAMITI DURG - BHILAI
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
D.A.V. MODEL
HIGHER SECONDARY SCHOOL
Class Nur. to 12th C.G. Board
ENGLISH MEDIUM
Arya Nagar, Durg (C.G.), Ph.: 0788-4050299, 2216281
MAHARSHI DAYANAND
ARYA HIGHER SECONDARY SCHOOL
Nursery to Class 12th
ENGLISH / HINDI MEDIUM (C.G. Board)
Mathpara, Durg, Ph.: 0788-2328089, 3596172
Gaya Nagar, Durg, Ph.: 0788-2357613
Kurud Road Kohka, Bhilai, Durg (C.G.), Ph.: 0788-2295126


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
जीवन निर्मलकर
पूर्व संयुक्त सचिव-जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग
उपाध्यक्ष-ब्लॉक धमधा
अध्यक्ष-दुर्ग राज झेरिया धोबी समाज
श्रीमती सावित्री जीवन निर्मलकर
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत टेकापार


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती रामकली यादव
पूर्व सदस्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकार छ.ग. शासन


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
HP GAS your friendly gas
जी हाँ!
पापुलर गैस सर्विस
एच.पी. गैस के अधिकृत विक्रेता
महाराजा चौक, बोरसी रोड दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 0788-2340038, 2340939, 2340427


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रत्ना नारमदेव
समाजसेविका, दुर्ग


राममंदिर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा के 2 वर्ष पूर्ण होने पर आप सभी प्रदेश के राम भक्तों को हार्दिक शुभकामनाएं
मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में रामराज्य आये ऐसी कामना करते हैं।
राम यानी मर्यादा
राम यानी आदर्श
राम यानी जीवन के सर्वोच्च चरित्र
विनीत : ग्रीष्मा आर्ट एण्ड कल्चर रायपुर (छत्तीसगढ़) एवं अयोध्या वाली राम लीला का संरक्षक छत्तीसगढ़


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मूर्तिकार राधेश्याम चक्रधारी
ग्राम - थनौद
पेंटर दिलीप यादव
ग्राम - थनौद


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री टेकेश्वर देशमुख
सरपंच-ग्राम पंचायत बोरी
श्री डामन प्रसाद जोशी
सचिव-ग्राम पंचायत बोरी
विनीत : समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी, ग्राम बोरी


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. ललित चंद्राकर जी
विधायक
दुर्ग ग्रामीण विधानसभा
उपाध्यक्ष
केबिनेट मंत्री दर्जा,
छ.ग. शासन
रामखिलावन यादव
पूर्व सरपंच
सदस्य-बंधक श्रम
सतर्कता एवं निगरानी
समिति ब्लॉक दुर्ग (छ.ग.)
गिरेश साहू
जिला मंत्री
दुर्ग भाजपा
हेमंत सिन्हा
मंगल अध्यक्ष
भाजपा
अंजोरा दुर्ग ग्रामीण
विनीत : समस्त ग्रामवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता रसमड़ा, दुर्ग-ग्रामीण


गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
पुरूषोत्तम देवांगन
भाजपा भिलाई अध्यक्ष भिलाई अध्यक्ष
सतीष साहू
विधायक प्रतिनिधि
नटवर ताम्रकार
पूर्व अध्यक्ष - नगर पालिका अहिवारा
मा. श्री डोमनलाल कोर्सेवाड़ा
विधायक, अहिवारा विधानसभा
पवन जैन
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-अहिवारा
देवानंद निर्मलकर
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-ओटेबंध
पवन यादव
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-पाहरा
जगन्नाथ यादव
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-अहेरी
रूपराम साहू
अध्यक्ष-सेवा सहकारी समिति
ग्राम-मुरमुंदा
विनीत : समस्त अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति एवं ग्रामवासी - अहिवारा मुरमुंदा मण्डल

## खबर संक्षेप

### तकरीर व लंगर 27 को

**भिलाई।** हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया रहमतुल्लाह अलैहि का जन्मदिन 27 जनवरी मंगलवार को इस्पात नगरी भिलाई में शान-शौकत के साथ मनाया जाएगा। हजरत बाबा ताजुद्दीन औलिया सेवा समिति की ओर से एक रोज का अजीम ओ शान तकरीर प्रोग्राम 27 जनवरी .मंगलवार को दोपहर 2:00 बजे से साक्षरता चौक कैंप-1 के सामने ताज दरबार में रखा गया है। जिसमें औरतों के लिए तकरीर का प्रोग्राम होगा। जिसमें आलिमा शाहाना कादरी नूरी सिमगा छत्तीसगढ़ और अलीम फाजिला मोबिना ताजी और आलिमा फाजिला रुखसार फातिमा मदरसा दारुल राहत आलिमा सेक्टर-6 भिलाई यहां तकरीर करेंगी। यहां फातिहा ख्वानी के बाद शाम 6:00 बजे से आम लंगर रखा गया है। ताज दरबार एवं नानी अम्मा समिति की अध्यक्ष हज्जन बदरुन्निसा ताजी ने यह जानकारी दी।

### जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता आज से

**अंडा।** ग्राम आबादी पारा अंडा में दो दिवसीय जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन 26 एवं 27 जनवरी को किया गया है। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के कलाकारों द्वारा जस गायन और झांकी की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दे रहे हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टिकेश्वरी देशमुख (वरिष्ठ रंगकर्मी छत्तीसगढ़) उपस्थित थे।

### लोकार्पण आज

**भिलाई।** आर्यनगर कोहका में 26 जनवरी को सुबह 10:30 बजे बीरा जी के अंगना डोमशेड का लोकार्पण और 100 फीट ऊंचे तिरंगे का ध्वजारोहण किया जाएगा। यह डोमशेड जरूरतमंदों के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेगा और सामाजिक, धार्मिक एवं पारिवारिक आयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं ने किया भागवत कथा का श्रवण

**अंडा।** ग्राम चंदखुरी में नव दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा जागृति महिला समिति के तत्वावधान में देवी महिमा भागवत कथा का आयोजन किया गया। द्वितीय वर्ष के इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दी।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो का कार्यक्रम मन की बात का 130 वां एपिसोड का आयोजन कसारीडीह बोरसी मंडल के वार्ड नंबर 42 में महिला मोर्चा महामंत्री प्रीति साहू में निवास में रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मीकांत दुबे एवं कार्यक्रम के प्रभारी प्रीति साहू आदि उपस्थित थे।

### निधन

#### अमित श्रीवास्तव



**भिलाई।** स्मृति नगर भिलाई निवासी प्रोफेसर अमित श्रीवास्तव (49 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को हरनाबंधा मुक्तिधाम में किया गया। अपने पीछे दो पुत्र, पत्नी सहित भराभूरा परिवार पीछे छोड़ गए। वे संजय, मनीष और राजीव श्रीवास्तव के अनुज थे।

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था का आलम

# दोबारा टोकन नहीं कटने से चिंता में किसान, नहीं हो रहा धान का उठाव

**परेशान किसानों को राहत नहीं, अधिकारियों तक शिकायत करने के बावजूद निराकरण नहीं**






हरिभूमि न्यूज ▸▸| निकुम

धान खरीदी केंद्रों में सामने आ रही समस्याओं ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। ग्राम निकुम सहित कई धान केंद्रों में टोकन सिस्टम फेल दिख रहा है। किसानों की समस्या जस की तस बनी है, वही अब अधिकारी अपने ऑफिस की कुर्सी छोड़ गांव में खेत खलिहान जाकर भौतिक सत्यापन करने में जा रहे है। लेकिन जिन किसानों ने एक बार टोकन ले लिया उसका दोबारा टोकन नहीं कट रहा है। शीत लहर व ठंड में खलिहानों में किसान रात रात भर अपनी धान फसल की बीते महीने भर से रखवाली कर रहे। वहीं सुबह होते ही ऑनलाइन व ऑफ लाइन धान बेचने रोज चक्कर काट रहे, लेकिन लचर व्यवस्था से किसान परेशान है।

रुदा के किसान धन्नू लाल साहू ने बताया कि उन्हें समय पर टोकन नहीं मिल पा रहा है, जिसके कारण धान बेचने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निकुम समिति में उनका लगभग दो लाख का कर्ज है। जिसमें 10एकड़ की किसानी में सिर्फ 125 कट्टा धान ही बेच पाया है। किसान का कहना है कि वह समिति, अधिकारियों को बोल के थक चुका है। उम्र दराज व स्वास्थ्य खराब होने की दवाई खाकर खलिहान में रखवाली कर रहे हैं। अभी 492 कट्टा धान बेचना बाकी है, कर्ज की चिंता सता रही है। प्रशासन किसानों की समस्याओं के समाधान को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश में किसानों को धान विक्रय के दौरान अनेक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि किसानों को उनकी उपज का न तो समय पर खरीदी लाभ मिल पा रहा है और न ही उचित मूल्य मिल रहा हैं । वहीं उन्होंने खरीदी सीमा (लिमिट) बढ़ाने की मांग रखी। धान खरीदी की लिमिट कम होने के कारण ही किसान अपनी पूरी उपज नहीं बेच पा रहे हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।एक बार धान बेचने के कारण सत्यापन नहीं हो रहा हैं, गौरतलब है कि खराब मौसम होने के बावजूद निकुम 35000 कट्टा तो वहीं आलबरस में 12.435 क्विंटल धान खरीदी केंद्र में धान का उठाव नहीं हुआ। वहीं 09 हजार क्विंटल धान खरीदी बची है। लगभग चार हजार क्विंटल धान का टोकन नहीं कटने से किसान चिंतित है। वही समिति अध्यक्ष प्रताप यादव ने कहा कि उठाव होना चाहिए, वही पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख ने कहा भाजपा सरकार नींद से जाग कर किसानों की समस्या देखे।

## आने वाली पीढ़ी को दिशा देते हैं धार्मिक आयोजन : सभापति कल्पना



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

■ ओदरागहन में मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन

ओदरागहन मे चल रहा त्रि दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता में जिला पंचायत सभापति कल्पना नारद साहू बतौर अतिथि पहुंचे। साहू समाज के कर्मठ समाजसेवी नारद साहू भी मंचासिन रहे। अतिथि मंच से कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा कि मानस गान केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी लोक-संस्कृति, सामाजिक समरसता और परंपराओं को जीवंत रखने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजनों से गांवों में सकारात्मक वातावरण बनता है और नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ती है। इस अवसर पर समाजसेवी लक्ष्मीनारायण गंजीर, बीरसिंह साहू, बेदूराम, कृष्णा, दिलीप हिरवानी, वरुण कुमार, नरेंद्र कुमार, मिलाप साहू, कुंवरसिंह, गिरधर साहू, इतवारीराम, राजेश साहू, भूमिका गंजीर, कुसुमलता साहू, भोजबाई साहू, कमलेश पेंटर, तामेश्वर साहू, मिलेश गंजीर, अभिषेक सेन, कमलेश यादव, खिलेश गंजीर और श्रीराम साहू सहित काफी तादाद में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सरकारी संरक्षण में अवैध रेत-मिट्टी खनन का लगाया आरोप, उठी जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाटन



■ जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने की सख्त कार्रवाई की मांग

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक–62 अंतर्गत ग्राम पंचायत खुडमुड़ी में सरकारी भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध रेत एवं मिट्टी खनन का आरोप जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने लगाया है। जिला अध्यक्ष मधुकांत साहू ने इस पूरे प्रकरण को सरकारी संरक्षण में संचालित अवैध कारोबार बताते हुए तत्काल जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है। पार्टी का आरोप है कि इस अवैध खनन में विभागीय अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और ठेकेदारों की मिलीभगत साफ तौर पर दिखाई दे रही है। पार्टी द्वारा जिला प्रशासन को सौंपे गए लिखित आवेदन के अनुसार, उद्यानिकी विभाग की लगभग 55 एकड़ सुरक्षित शासकीय भूमि, जो खारुन नदी के तट के समीप स्थित है, वहां मनरेगा योजना के तहत तालाब निर्माण की आड़ में जेसीबी और डंपर मशीनों से अवैध उत्खनन किया जा रहा है। तालाब से निकाली गई ऊपरी परत की मिट्टी एवं रेत को आसपास के ईंट-भट्टों में अवैध रूप से सप्लाई किया जा रहा है, जिससे शासन को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

इतना ही नहीं, उद्यानिकी भूमि से करीब 10 मीटर नीचे स्थित खारुन नदी से पंचायत प्रस्ताव और वैधानिक अनुमति के बिना 300 से अधिक हाईवा रेत निकालकर खुले बाजार में बेचे जाने का भी आरोप लगाया गया है। पार्टी का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा जानबूझकर आंखें मूंदे रखने से यह अवैध कारोबार फल-फूल रहा है। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी जिला अध्यक्ष मधुकांत साहू ने कहा कि पंचायत सचिव एवं कोटवार द्वारा इस पूरे मामले से अनभिज्ञता जताना प्रशासनिक लापरवाही और संदेह को और गहरा करता है। पार्टी ने अवैध खनन पर तत्काल रोक, दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई, क्षतिपूर्ति की वसूली तथा उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि शीघ्र कार्रवाई नहीं होने पर जनआंदोलन किया जाएगा।

## चंदखुरी में सरस्वती प्रतिमा की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंडा



ग्राम चंदखुरी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में बसंत पंचमी पर्व के शुभ अवसर पर माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापना की गई। समाजसेवी भूपेन्द्र साहू एवं साहू परिवार द्वारा स्व बसुंतला चतुर सिंह साहू माता-पिता की पुण्य स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में गांव के पुरोहित पंडित बल्ला दुबे ने पूजा-अर्चना कराई। पूजा के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरण किया गया। कार्यक्रम में गांव के लोगों ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव से सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर डोमार सिंह साहू, रंजीत सिंह साहू, मीना साहू, भोज साहू, नरेंद्र साहू, कुसुम साहू, रोमनाथ साहू, सरिता साहू, भूपेन्द्र साहू, रमा, जितेन्द्र साहू, नेमीन साहू, विजय साहू, सुमन, नीलकमल पंकज, चंद्रशेखर, पम्मी, ईशा, छोटू, मुकेश, कुणाल, प्रिया, हनी, हर्ष, लक्की, सूर्यांश, दिव्यांश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शिखा मिश्रा (प्राचार्य), बाबूराय साहू (पूर्व प्रधानाध्यापक), पाठक, जोशी , कविता ठाकुर (सरपंच), गोपाल यादव (जनपद सदस्य), नुतन निर्मलकर, संतोषी देवांगन (अध्यक्ष, शाला प्रबंधन समिति), बेना निषाद, संतोष शर्मा, विजयलक्ष्मी पाटिल, योगिता हरमुख, त्रिभुवन देशमुख (संकुल समन्वयक), दुष्यंत चंद्राकर (शिक्षाविद), राधेलाल सोनी, तोरण गोपी, गजाधर चंद्राकर, कुमारी शैल, तनु, ऋषि, राखी खिलावन चंद्राकर सहित शाला विकास समिति के सदस्य, बच्चे एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## पीएम श्री विनायकपुर स्कूल में हुआ न्योता भोज

**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन का आयोजन किया गया। यह न्योता भोजन खिलेन्द्र यादव योगा शिक्षक ने अपने पिता स्व.सूदर्शन यादव की स्मृति में किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों एवं शिक्षकों को खीर पूड़ी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला में बंसत पंचमी मनाई गई। इस मौके पर गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र चन्द्राकर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोती मारकण्डे, पीएम श्री स्कूल के अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, उपाध्यक्ष ललित बाई साहू आदि उपस्थित थे।



## अंचल की खबरें

### दादा-दादी और नाना-नानी ने पहचाने अक्षर




उतई। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के दादा-दादी और नाना-नानी के द्वारा विविध खेलो में सहभागिता हुई। जिसमें अक्षर पहचानना ,शहीदों को फोटो से पहचानना,रिंग फेंकना और सुरीली कुर्सी के खेल करवाए गए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया एवं सभी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में सरपंच खुमान निषाद ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दी। सी ए सी जागेश्वरी वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। रश्मि मेहता ने कार्यक्रम का संचालन किया। सुधा राय प्रधान पाठिका, तारिणी ,रंगारी एवं सुरेश देवांगन ने विशेष सहयोग दिया सभी बुजुर्गों ने अनुभव शेयर किए। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोड़िया द्वारा यह अनूठा प्रयास किया गया। के लिए सरपंच खुमान निषाद ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोड़िया के द्वारा इस सराहनीय पहल के लिए समस्त शिक्षक गणों को धन्यवाद दिया और ऐसे कार्यक्रम करते रहने की बात कहा।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया बसंतोत्सव



**उतई।** दीपशिखा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डुमरडीह,उतई में बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पं. संतोष मिश्रा ने विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ सरस्वती मंदिर में पूजा अर्चना की। विद्यालय के डायरेक्टर डी एल सिन्हा एवं प्राचार्य के आर सिन्हा ने सपत्नीक मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित होकर पूजा अर्चना की। इस अवसर पर दुर्ग प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष दयाराम साहू ,सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक भोजराम साहू तथा बी एस पी हायर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 02 भिलाई के व्याख्याता डी के साहू उपस्थित थे।

### धनोरा में बसंत पंचमी मनाई, भागवत कथा शुरू



**अंडा।** श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से मां शीतला प्रांगण पर श्री मद्भागवत कथा धनोरा में आरंभ की गई। मंदिर समिति की ओर से 67 वर्ष से लगातार जारी इस वार्षिक आयोजन में आगे माघी पूर्णिमा के अवसर पर एवं 1 फरवरी को माघी पूर्णिमा मेला एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ के मशहूर नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। शुरूआत में मंदिर समिति के मनसुखा साहू ने बसंत पंचमी की रात श्री राधा कृष्ण सेवा एवं फाग मंडली धनोरा के द्वारा मां सरस्वती के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर के पूजा पाठ की और फाग गीत गाया। कथा आरंभ से पहले शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें सभी माताएं सिर पर कलश लेकर एवं एक ही रंग की साड़ी पहन कर चलते रहे। हेमंत साहू के भंजन मंडली साथ साथ भजन कीर्तन करते हुए पूरे गांव के भ्रमण किया गया। श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के अध्यक्ष रोहित झब्बू साहू एवं मनसुखा साहू ने यह जानकारी दी।

### केंद्रीय विद्यालय में बसंत पंचमी का आयोजन




**उतई।** केंद्रीय विद्यालय, सी.आई.एस.एफ भिलाई में बसंत पंचमी का पर्व बड़े हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य श्रीमती भुबनेश्वरी ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर शास्त्रीय नृत्य, समूह गान एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। प्राचार्य श्रीमती भुबनेश्वरी ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मां सरस्वती के प्रति अपने भावपूर्ण उद्गार व्यक्त किए। मंच संचालन अनिल कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ- जिनमें रूना चौधरी, गीतू, सोमा शील गुहा, सृजन , सुनीता गावांडे , शैलेश बेंजामिन, ए. बी सिंह, डॉ. पंकज शुक्ला, रीना साहू, श्री डी. के. ठाकुर, उमेश कुमार संत, माधुरी, आशीष, आंचल सिंह, मयंक कुमार मिश्रा, कल्पना शर्मा, सीमा विश्वकर्मा, राजन शर्मा, जानकी सिन्हा, ममता साहू और चंद्रकांत साहू उपस्थित थे।

### वार्षिक उत्सव में सम्मानित हुए मेधावी



**अंडा।** ग्राम पंचायत खपरी (सिलोदा )के पूर्व माध्यमिक शाला खपरी में वार्षिक उत्सव संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रिया साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग थीं। अध्यक्षता नंदकुमार साहू जनपद सदस्य ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनसूईया नारायण साहू, दिनेश यादव उपसरपंच पूर्व अध्यक्ष शाला विकास समिति चितरंजन साहू सहित ग्राम पंचायत खपरी सिलोदा के समस्त पदाधिकारी, स्कूल के सांसद प्रतिनिधि,नारायण साहू विधायक प्रतिनिधि हरीश कुमार साहू और रामसिंह साहू उपस्थित रहे। शाला के प्रधानाध्यापक जीवनलाल चंद्राकर, समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कार्यक्रम संचालक दुष्यंत कुंभकार (सहायक शिक्षक) का विशेष सहयोग रहा।

## जीव जंतु कल्याण दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन

# प्रदर्शनी में पशु पालकों का हुआ सम्मान, उन्नत नस्ल की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जामगांव आर

जीव जंतु कल्याण दिवस के अवसर पर ग्राम-औरी (जामगांव-आर) में पशुधन विकास विभाग, दुर्ग के उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ संजीव सहस्त्रबुद्धे के मार्गदर्शन मे जिला स्तरीय पशु मेला, उत्सव एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सभापति नीलम राजेश चन्द्राकर थे। अध्यक्षता कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने किया। विशिष्ट अतिथि राजेश चंद्राकार सांसद प्रतिनिधि, रविकुमार सिन्हा सभापति जनपद पंचायत पाटन, राजकुमार चन्द्राकर सदस्य जनपद पंचायत पाटन, श्रीमती मीनु शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत बोरवाय, नारद साहू मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, भाजपा जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, भगवान सिंह चंद्राकार अध्यक्ष जामगांव आर सोसायटी, पूर्व सरपंच राकेश (रिंकू )शर्मा और नूतन साहू, संतुराम साहू मंचासिन रहे। मुख्य अतिथि नीलम राजेश चंद्राकार ने स्वयं उन्नत नस्ल की गाय का पालन करने के अनुभव को साझा किया। सभापति कल्पना नारद साहू के द्वारा क्षेत्र में नस्ल सुधार कार्यक्रम पर प्रसन्नता व्यक्त की। उपसंचालक डॉ संजीव सहस्त्रबुद्धे ने अंजोरा दुर्ग मे नस्ल सुधार हेतु उन्नत नस्ल का बीज उत्पादन की जानकारी दी।कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ बी मुखोपाध्याय अतिरिक्त उपसंचालक पशु चिकित्सालय जामगांव आर के नेतृत्व में हुई। मंच संचालन हलदार ठाकुर ने किया।



### पशु पालक किसानों का हुआ सम्मान

कार्यक्रम में 110 पशु पालक उपस्थित होकर विभिन्न नस्लो के 19 उन्नत गाय, 42 उन्नत बछिया, 18 उन्नत बछड़ा, 4 उन्नत भैंस, 8 उन्नत पड़वा पड़िया, 3 उन्नत बेल जोड़ी, 2 उन्नत भैंस जोड़ी, 48 उन्नत बकरा बकरी एवं 15 पक्षी कुल 161 पशु पक्षी को प्रतियोगिता मे प्रदर्शित किया गया। प्रतियोगिता मे उन्नत गाय वर्ग मे प्रथम पुरस्कार देवानंद साहू गातापार, द्वितीय पुरस्कार किशोर यादव डिड़गा एवं तृतीय पुरस्कार चंद्रशेखर यदु कुम्हली , उन्नत बधिया वर्ग मे प्रथम पुरस्कार भगवान सिंह यादव उमरपोटी, द्वितीय पुरस्कार मुकेश चंद्राकर बोरवाय एवं तृतीय पुरस्कार पंकज चंद्राकर औरी , उन्नत बछड़ा वर्ग मे प्रथम पुरस्कार विष्णु यादव उमरपोटी, द्वितीय पुरस्कार डोमार साहू कुम्हली, तृतीय पुरस्कार परमानंद शुक्ला, रीवागहन, उन्नत भैंस वर्ग मे प्रथम पुरस्कार उत्तम सिंह यादव गातापार, द्वितीय पुरस्कार गोविंदा यादव भंसुली, तृतीय पुरस्कार डोमन यादव भंसुली, उन्नत बकरा/बकरी वर्ग मे प्रथम पुरस्कार वीरेंद्र पटेल झाड़मोंखली, द्वितीय पुरस्कार श्री टीकम राम यादव रानीतराई आदि को पुरस्कार प्रदान किया गया।

### आयोजन को सफल बनाने वाले कर्मठ अधिकारी कर्मचारी किसान

कार्यक्रम का सफल आयोजन में डॉ डी डी झा, डॉ एम सी देशमुख, डॉ आर के चौरसिया, डॉ आर कश्यप, डॉ ज्योति मुखोपाध्याय, डॉ संदीप मढ़रिया, डॉ एच एस चंद्राकर, डॉ यू एस जोशी, डॉ सौरभ योगी, डॉ झरना चंद्राकर, सुमन यादव, श्री सुरेश कुमार साहू, ज्ञानेश्वरी देवांगन, कु निकिता सोनी, श्रद्धा वर्मा, गजानंद कामडे, धनंजय साहू, संतोष नाग, लोकेश कुमार, दिलेश्वर प्रसाद, रत्ना बंछोर, मिहीलाल, योगेंद्र बघेल, नागेश्वर यादव, ईश्वर साहू, नरेश बंछोर, सावित्री सोनी, हीरूराम पाटिल, मिथलेश सिंह, केशव साहू, दिनेश सोनी, प्रमोद चंद्राकर, नीलकंठ सिन्हा,देवेंद्र साहू, सुलेंद्र यादव का योगदान सराहनीय रहा।

## खबर संक्षेप



### निराला जयंती एवं बसंत पंचमी का आयोजन

**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर निराला जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा- कि बसंत पंचमी ऋतुओं के परिवर्तन का पर्व है। यह पर्व छात्राओं, कलाकारों और साहित्यकारों के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि विद्या की देवी माँ सरस्वती का यह अवतरण दिवस है। उन्होंने निराला के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को साहित्य के सृजन व अध्ययन के लिए प्रेरित किया। डॉ0 सुषमा यादव, ज्योति भरणे ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर कविता मालेकर, आर्या अवस्थी, हीना पाल, हुनेश्वरी, पृथ्वी ढीमर, सुमन यादव, मान्या तिवारी आदि छात्राओं ने वसंत पंचमी से महत्व व निराला के व्यक्तित्व, कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. मुक्ता बाखला, डॉ. मोनिया राकेश आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुनीता तिवारी तथा आभार डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, पदोन्नत प्राध्यापक, हिन्दी ने किया।

### निषाद समाज का वार्षिक सम्मेलन 2 को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज दुर्ग जिला संगठन द्वारा वार्षिक सम्मेलन ग्राम पोटीया कला में 2 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 9 बजे से दीप प्रज्वलन पूजा अर्चना से शुरुआत होगी। पश्चात झंडारोहण, नव दंपतियों जोड़ों का आदर्श विवाह, युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सामाजिक परिचर्चा अतिथियों का स्वागत सम्मान तथा समाज के 10 वीं एवं 12 वीं के छात्र छात्राओं को तथा उत्कृष्ट खेल साहित्य कला प्रतिभाओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री शहर विधायक गजेंद्र यादव शामिल होंगे।

### सिविल अस्पताल सुपेला की लापरवाही उजागर

# एनजीटी के आदेशों की अनदेखी, बिना ट्रीटमेंट नालियों में बह रहा गंदा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल, सुपेला में पर्यावरण नियमों की गंभीर अनदेखी सामने आई है। अस्पताल से निकलने वाला गंदा पानी बिना किसी उपचार के सीधे नालियों में बहाया जा रहा है। जबकि परिसर में 30 केएलडी क्षमता का अपशिष्ट उपचार संयंत्र यानी ईटीपी स्थापित है, जो लंबे समय से बंद पड़ा हुआ बताया जा रहा है। वहीं इस संबंध में जब सिविल अस्पताल के प्रभारी डॉ. पीयाम सिंह से चर्चा की गई तो उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

जानकारी के अनुसार अस्पताल के वार्डों, शौचालयों और अन्य विभागों से निकलने वाला दूषित पानी पाइप के माध्यम से सीधे नालियों में छोड़ा जा रहा है। इससे आसपास गंदगी फैल रही है और संक्रमण का खतरा भी बढ़ रहा है। यह स्थिति राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के नियमों का सीधा उल्लंघन है। हैरानी की बात यह है कि अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि ईटीपी प्लांट चालू हालत में है। सवाल यह उठता है कि अगर ईटीपी वास्तव में चालू है, तो फिर अस्पताल का अपशिष्ट जल बिना ट्रीटमेंट के नालियों में क्यों जा रहा है। क्या ईटीपी केवल कागजों में संचालित दिखाया जा रहा है या फिर इसकी नियमित निगरानी ही नहीं हो रही। पर्यावरण विशेषज्ञों के अनुसार अस्पतालों से निकलने वाला अपशिष्ट जल अत्यंत खतरनाक होता है, जिसमें बैक्टीरिया, रसायन और अन्य हानिकारक तत्व मौजूद रहते हैं। बिना उपचार इसे खुले नालों में छोड़ना न केवल पर्यावरण के लिए खतरा है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ भी गंभीर खिलवाड़ है। अगर किसी अस्पताल का ईटीपी सही से काम कर रहा है तो नालियों में बदबूदार या काला पानी नहीं जाएगा। ईटीपी प्लांट में मशीनों की आवाज, नियमित मेंटेनेंस, पानी की जांच रिपोर्ट और लॉग बुक उपलब्ध होती है। ईटीपी केवल एक तकनीकी व्यवस्था नहीं, बल्कि अस्पताल की कानूनी और सामाजिक जिम्मेदारी है। इसे बंद रखकर या सिर्फ कागजों में चालू दिखाकर गंदा पानी बाहर छोड़ना सीधे तौर पर पर्यावरण और आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

**शास्त्री अस्पताल के 30 केएलडी का ईटीपी प्लांट सालों से बंद**



शास्त्री अस्पताल सुपेला का ईटीपी संयंत्र।


गंदा पानी फिल्टर करने टैंक का कई दिनों से नहीं हुआ उपयोग, उगे जंगल-झाड़ी।


वार्डों से निकलने वाला गंदा पानी सीधे नाली में बह रहा।

### क्या है एफलुएंट ट्रिटमेंट प्लांट

अस्पतालों में इलाज के दौरान बड़ी मात्रा में गंदा और खतरनाक पानी निकलता है। इसमें खून, बॉडी फ्लूइड, दवाइयों के रसायन, लैब वेस्ट और करोड़ों की संख्या में कीटाणु मौजूद होते हैं। इस पानी को सीधे नाली या सीवर में छोड़ना एनजीटी और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के खिलाफ है। इसी लिए अस्पतालों में एफलुएंट ट्रिटमेंट प्लांट यानी ईटीपी लगाया जाता है। ईटीपी का काम अस्पताल से निकलने वाले अपशिष्ट जल को साफ करना और उसे पर्यावरण के लिए सुरक्षित बनाना होता है। अपशिष्ट उपचार संयंत्र ईटीपी की प्रक्रिया की शुरुआत होती है कलेक्शन सिस्टम से। अस्पताल के सभी वार्ड, ओटी, लैब और टॉयलेट से निकलने वाला पानी पाइपलाइन के जरिए ईटीपी तक लाया जाता है। वहीं दूसरी और सिविल अस्पताल सुपेला में सभी व्यवस्था होने के बावजूद ईटीपी का संचालन ठप पड़ा हुआ है। अपशिष्ट उपचार संयंत्र के आसपास का नजारा कुछ और ही कहानी बयां करती है।

### मतदाता दिवस पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्य शाला चीचा विख धमधा में बालिका व मतदाता दिवस पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छठवीं, सातवीं के बच्चों ने मतदाता दिवस से संबंधित चित्रकला के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। जिसमें वोटिंग करने से लेकर मतदान केन्द्र को प्रदर्शित करते नजर आए। निबंध प्रतियोगिता में आठवीं के बच्चों ने भाग लिया जिसमें 18 वर्ष होने के बाद नाम जोड़ना बीएलओ मिलकर जानकारी लेना राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के चुनाव प्रक्रिया उम्मीदवार जैसे शब्दों के माध्यम से निबंध लेखन कार्य किया। साथ ही शनिवार गतिविधियों में प्रोजेक्टर के माध्यम सार्वे देशमुख ने कुत्तों के काटने एवं मधुमक्खियों के दंश के दुष्परिणाम व बचाव से संबंधित जानकारी दी गई।

### विकास कार्यों के लिए 15 लाख रूपए स्वीकृत

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत जनहित के विभिन्न कार्यों के लिए 14 लाख 98 हजार 638 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा किया जाएगा। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से वार्ड क्रमांक 63, सेक्टर 06 होसन्ना चौक के समीप सार्वजनिक टीन शेड निर्माण एवं कांक्रीटीकरण हेतु 4.99 लाख रूपए, बुद्ध विहार के पास सार्वजनिक सर्वसुविधायुक्त शौचालय निर्माण हेतु 2.49 लाख रूपए, सेक्टर 6 की सड़क 60-61 के मध्य सार्वजनिक डोम शेड निर्माण हेतु 5.99 लाख रूपए तथा सेक्टर 7 की सड़क 35 में स्थित डोम शेड में सुरक्षा हेतु फेंसिंग हेतु 1.49 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## देवांगन समाज ने धूमधाम से मनाई मां परमेश्वरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर देवांगन समाज की ईष्ट देवी मां परमेश्वरी जयंती दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चंदखुरी में मंडल स्तरीय आयोजन के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने माँ परमेश्वरी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और समाजजनों को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर देवांगन समाज द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। मां परमेश्वरी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर विशेष पूजा-अर्चना और सेवाभजन हुआ। समाज के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, वहीं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 12 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त सामाजिक भवन कक्ष का विधिवत पूजा-अर्चना कर फीता काटते हुए विधायक ललित चंद्राकर ने समाज को समर्पित किया।






























ग्राम पंचायत - पुरई
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
श्री डोमन सिंह साहू
सरपंच - ग्राम पंचायत पुरई
श्रीमती शीतला ठाकुर
उपसरपंच - ग्राम पंचायत पुरई




REPUBLIC DAY
श्री जितेन्द्र वर्मा
भाजपा प्रदेश मंत्री
समस्त प्रदेशवासियों को
योगेश निक्की भाले
अध्यक्ष-नगर पंचायत पाटन
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
राज देवांगन
पूर्व पार्षद
मिलन देवांगन
अध्यक्ष-स्वा.आत्मा. अंग्रेजी माध्य.वि. पाटन
विनीत : वर्षा गैरेज पाटन




सेवा सहकारी समिति मर्या. कुर्मीगुण्डरा
शाखा-रानीतराई, पं.क्र.- 711
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
दानीराम वर्मा
प्राधिकृत अधिकारी
बिरेन्द्र कुमार ठाकुर
समिति प्रबंधक
उमा कुमार साहू
शाखा प्रबंधक
कर्मचारीगण
रविशंकर साहू (सहायक प्रबंधक), टिकेन्द्र कुमार यादव (लिपिक), मनोज कुमार वर्मा (कम्प्यूटर आपरेटर)
ताम्रध्वज वर्मा (सेल्स मेन), एकांत कुमार वर्मा (चौकीदार), खिलेश्वर साहू (अति. कर्मचारी)




वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति मर्यादित
पाटन, पं.क्र.- 462
समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नंदकुमार साहू
शाखा प्रबंधक
सुकालू राम वर्मा
पर्यवेक्षक
नागेन्द्र वर्मा
समिति अध्यक्ष
चन्द्रशेखर कश्यप
प्रभारी समिति प्रबंधक
रोहित यादव
चौकीदार
पुरेन्द्र यादव
अतिरिक्त कर्मचारी
युवराज यादव
अतिरिक्त कर्मचारी




आशीष वर्मा
पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व ओ.एस.डी.
REPUBLIC DAY
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
अशोक साहू
विधायक प्रतिनिधि एवं
पूर्व उपाध्यक्ष-जिला पंचायत दुर्ग




सभी कार्यकर्ता भाजपा मण्डल उतई
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती शीतला ठाकुर
अध्यक्ष-उतई मण्डल
प्रवीण यदु
महामंत्री-उतई मंडल भाजपा
चंदू देवांगन
महामंत्री-उतई मंडल भाजपा




सेवा सहकारी समिति मर्यादित फेकारी
पं.क्र.-3332
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री मोहित अमृत
समिति प्रबंधक
श्री पारखत साहू
प्राधिकृत अधिकारी
कर्मचारी गण
अरुण साहू (कम्प्यूटर आपरेटर), मुकेश वर्मा (लिपिक), नागेश पटेल, भुमा दिल्लीवार
वेदप्रकाश साहू, वामन साहू (चौकीदार), बिहारी यादव, श्रीमती किरण वर्मा




ग्राम पंचायत - चुनकट्टा
की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती रोशनी सोनु राय
सरपंच-ग्राम पंचायत चुनकट्टा
श्री सुगल ठाकुर
सचिव
ग्राम पंचायत चुनकट्टा
श्री अजयसिंह राजपूत
उपसरपंच-ग्राम पंचायत चुनकट्टा
पंचगण
छत्रपाल सिंह राजपूत, रजनी ठाकुर, रुपेश ठाकुर, माया जोशी, हेमा जोशी, सुरज बाई
राजेन्द्र बंजारे, नीतु कोसले, अरुण जनार्दन, दसमत बंजारे, रीना मानिकपुरी
श्रीमती आशासिंह राजपूत, पूर्णिमा ठाकुर (रोजगार सहायिका), उत्तरा मानिकपुरी (चपरासी)




समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सेलूद हॉस्पिटल
बजरंग चौक, सेलूद
सांई कृपा हॉस्पिटल
पाटन
उपलब्ध सुविधाएँ
★ घण्टे आपातकालीन चिकित्सा एवं भर्ती की सुविधा प्रसुति एवं स्त्री रोग चिकित्सा
★ जनरल सर्जरी-हाइड्रोसील, हार्निया, अपेण्डिक्स, पित की थैली की पथरी, किडनी की पथरी का न्युनतम दरों में ऑपरेशन की सुविधा
★ हृदय रोग, दमा, शुगर, ब्लड प्रेशर, मलेरिया, टायफाइड, डेंगू
★ जहर सेवन सर्पदंश का विशेषज्ञों द्वारा ईलाज
★ दुरबीन पद्धति से सभी प्रकार की ऑपरेशन की सुविधा
★ ट्रामा एवं हड्डी रोग चिकित्सा सुविधा
★ शिशु रोग चिकित्सा
★ नाक, कान, गला के आपरेशन की सुविधा
★ सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
★ ई. सी. जी. एक्स-रे, मल्टीपैरा- मानीटर, पैथालॉजी जांच
★ 24 घण्टे निःशुल्क एम्बुलेंस की सुविधा
डॉ. मानसिंह यादव
(एम.डी., फिजिशियन) डायरेक्टर
मो.: 8878140891
9131895205




स्वतंत्रता संग्राम सेनानीयों का पावन धरा
ग्राम पंचायत - देवादा
की ओर से आप सभी को
77 वें
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सोहन साहू
उपसरपंच
धर्मेन्द्र वर्मा
सचिव
श्रीमती लक्ष्मी नीलू वर्मा
सरपंच-ग्राम पंचायत देवादा
पंचगण: प्रेमलता वर्मा,सरोज वर्मा,कामेश्वर विश्वकर्मा,रेणु वर्मा,मनहरण जोशी,
चमेली महिलांगे,कल्याणी यादव,सरिता साहू,पुष्पा यादव,शीला वर्मा,तीरिथ साहू,
रामबाई ठाकुर,बीनू वर्मा,सुनीता धीवर,टोपसिंह यादव,उत्तम जोशी(रोजगार सहा.),
जितेन्द्र कुमार(कम्प्यूटर आपरेटर),संतोष कुलदीप(भृत्य),बिसमत कुलदीप(कोटवार)
एवं समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत देवादा

# बीएसपी कर्मचारियों का बकाया एरियर और अन्य मांगों को लेकर इंटक करेगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्टील इम्पलाइज यूनियन इंटक की कार्यकारिणी बैठक सेक्टर-3 कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बीएसपी उत्पादन, उत्पादकता और लाभार्जन में नई ऊंचाइयों को छू रही है, लेकिन बीएसपी कर्मचारियों का वेतन समझौता अभी भी अधूरा है।

कर्मचारियों का 39 महीने का एरियर 90 महीने बीतने के उपरांत भी नहीं मिला है और लगातार अन्य सुविधाओं में भी कटौती हो रही है जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। स्टील इंमप्लाइज यूनियन इंटक की कार्यकारिणी ने 28 जनवरी को मुर्गा चौक में सुबह 7:45 से 8:45 तक प्रदर्शन उपरांत ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। बैठक में पूरन वर्मा, जीआर सुमन, गिरिराज देशमुख, अजय मार्टिन, तुरिंद्रर सिंग, जेके सूर्यवंशी, अर्जुन कुमार, रेशम राठौर, एसबी सिंह, सीपी वर्मा, गुरुदेव साहू, रमन मूर्ति, ताम्रध्वज सिंह, राजकुमार, विजय विश्वकर्मा, विसेंट पटेरा, रवि शंकर सिंह, मनोज कुलदीप, एडी राव, नरेश परगनिया, द्वारिका साहू, खेम सिंह पैकरा, बी ब्रामहैया, डीशंकर, शैलेंद्र सक्सेना, डीके चौहान एवं कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

**39 महीने के बकाया एरियर्स के नहीं मिलने से कर्मियों को हजारों का नुकसान**

### कर्मचारियों को मिले नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम

महासचिव संजय कुमार साहू ने कहा कि बीएसपी के कर्मचारियों को 2007 की पुरानी इंसेंटिव स्कीम मिल रही है जो काफी कम है। अभी वार्षिक लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए एवं कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए जल्द जनवरी 2026 से नान फाइनेंशियल मोटिवेशन स्कीम प्रबंधन चालू करें।




### ये मांगे भी रहेंगी प्रमुख

- मंथली इंसेंटिव स्कीम का जल्द संशोधन कर 10 हजार प्रतिमाह किया जाए।
- आवास आवंटन में सब्जेक्ट टू वेकेशन प्रक्रिया जल्द प्रारंभ की जाए।
- आवास हस्तांतरण में जैसा है इस स्थिति में हस्तांतरण किया जाए।
- बड़े अवास को डी ग्रेट कर कर्मचारियों को उपलब्ध कराया जाए।
- 650 स्क्वायर फीट के सभी आवास को लाइसेंस में दिया जाए।
- व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र संयंत्र भवन में मेडिकल दवाई रिपीट की सुविधा और एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
- रिटेंशन स्कीम का किराया पूर्व की भांति किया जाए एवं रिटेंशन स्कीम चालू की जाए।
- बीएसपी कर्मचारियों को आवास संधारण की राशि को संशोधन कर 21 हजार प्रति वर्ष किया जाए।
- कैंटीन एवं रेस्ट रूम की व्यवस्था को बेहतर किया जाए।
- सभी कर्मचारियों को ड्रेस या राशि प्रदान किया जाए।
- पुराने आवास को तोड़कर 3 बीएचके की नई आवास बनाया जाए। बीएसपी कर्मचारियों के सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक प्रदर्शन करेगी।

## खबर संक्षेप

### इस्पात भवन और जेएलएनएच में ध्वजारहोण

**भिलाई।** इस्पात भवन सहित एचआरडी व संयंत्र के विभिन्न भवनों में भी गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण किया जाएगा। ध्वजारोहण डीआईसी सहित सभी कार्यपालक निदेशक करेंगे। नगर सेवाएं विभाग में सीजीएम दत्ता झंडादोलन करेंगे। इसके अलावा सेक्टर नौ हास्पिटल में भिलाई महिला समाज की प्रमुख ध्वजारोहण करेंगी और पदाधिकारी मरीजों को फल वितरित करेंगे।

### महापौर व विधायक करेंगे ध्वजारोहण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। 26 जनवरी को निगम मुख्य कार्यालय में महापौर नीरज पाल द्वारा निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के उपस्थिति में सुबह 8 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 8.30 बजे महापौर द्वारा यूनियन कार्यालय में झंडारोहण किया जाएगा। प्रातः 9 बजे खुर्सीपार चौक एवं 10.30 बजे शहीद पार्क में विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा। प्रातः 9.30 बजे नेहरू नगर चौक एवं प्रातः 10 बजे लोकांगन वैशाली नगर में विधायक रिकेश सेन एवं महापौर नीरज पाल की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया जाएगा।

### गणतंत्र दिवस पर स्कूलों में उल्लास मेला

**भिलाई।** कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन से विकासखंड दुर्ग में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी पंचायत एवं शहर की शालाओं में उल्लास साक्षरता मेला का आयोजन किया जा रहा है । जिसमे समस्त ग्रामवासी/वार्डवासी/ जनप्रतिनिधि वीटी शिक्षक/ शाला स्टाफ बच्चों की उपस्थित में वृहद उल्लास मेला का आयोजन की तैयारी पूर्ण कर ली गई है

इस उल्लास मेला हेतु पूर्व तैयारी के रूप विकासखंड शिक्षा अधिकारी दुर्ग विनोद शुक्ला, उल्लास प्रभारी एबीईओ रश्मि ठाकुर, संध्या ढींढ़ी, बीआरसी श्रवण सिन्हा, यूआरसी श नेम सिंह साहू की उपस्थित में सभी संकुल समन्वयको की बैठक ले कर मेला की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा बीआरपी वर्षा ठाकुर, सुमन प्रधान, चित्रा,रवि देवांगन द्वारा किया गया । सभी गाँव व वार्ड में मेला पूर्व सर्वे कार्य भी किया गया। जिसमें घर -घर जा कर साक्षर व आसाक्षर की पहचान किया गया ।

## सीटू की टीम सड़कों पर उतरी, कहा-सक्शन मशीन से ठीक से साफ नहीं हो रहा कचरा

# टाउनशिप की चरमरा रही सफाई व्यवस्था मशीन से बेहतर काम कर रहे सफाई कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप में सफाई की रही समस्या को देखते हुए सीटू यूनियन की टीम ने दौरा कर प्रमुख मार्गों पर सफाई कार्य का अवलोकन किया। टीम को कंप्रेसर सक्शन वाले ट्रक से सफाई का कार्य बदहाल दिखा। सीटू नेताओं ने मशीन से सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और मानिटरिंग कराने की मांग बीएसपी प्रबंधन से की है।

सीटू नेताओं ने बताया कि सक्शन मशीन से सफाई काम करने के तरीके से दिखा कि सफाई के नाम पर सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है। सीटू की टीम ने मौके पर पहुंच कर देखा कि दोनों तरफ जो ब्रश लगे हुए हैं । एक ब्रश तो जमीन से एक इंच ऊपर घूम रहा है वहीं दूसरी तरफ धूल एवं कचरा को सक्शन के माध्यम से अंदर खींचने वाला कंप्रेसर भी काम नहीं कर रहा है। मशीन से बेहतर प्लांट के अंदर सफाई में लगे मजदूर कामगार बेहतर तरीके से कचरा की सफाई कर रहे थे। इस पर प्रबंधन को ध्यान देने की जरूरत है।

**स्वच्छता व बीमारियों से निजात के लिए प्रबंधन से सफाई दुरुस्त किए जाने की मांग**



### ठीक से साफ नहीं होता कचरा

सीटू नेताओं ने बताया कि संयंत्र के अंदर रोड की सफाई करने के लिए ट्रकों वाली दो मशीन हैं जिनका औसत एवरेज अधिकतम 5 किलोमीटर प्रति लीटर डीजल हो सकता है और यह गाड़ी सफाई नहीं करने के बावजूद सफाई के नाम पर धीरे-धीरे एक ही रोड पर कई बार घूमते रहती है। इससे सड़कों पर बिखरे कचरे की ठीक से सफाई नहीं होती है।

### मानिटरिंग न होने से बिगड़ी व्यवस्था

सीटू नेताओं ने कहा कि टाउनशिप में सफाई व्यवस्था का अवलोकन करने पर पता लगा कि सफाई का ठेका सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के अधीन आता है । वहां बैठे अधिकारी की जिम्मेदारी है कि इसकी मॉनिटरिंग करें लेकिन रोड स्वीपर गाड़ी धीरे-धीरे आगे बढ़ रही थी और रोड पर कचरा जस का तस पड़ा हुआ था । मॉनिटरिंग करने वाले अधिकारी अपने दफ्तर में ऐसे मौन बैठे रहते हैं जैसे सफाई करने वाली वाली कंपनी पैसा लेकर नहीं बल्कि मुफ्त में सफाई कर रही है । सीटू नेताओं ने कहा कि टाउनशिप की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए ताकि लोग स्वच्छ माहौल के साथ बीमारियों व मच्छरों से राहत पा सकें।

**मामला स्मृतिनगर चौकी क्षेत्र का**

# घर में चोरी के दो साल बाद भी कार्रवाई नहीं, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्मृति नगर चौकी क्षेत्र से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। चंद्र नगर, सड़क 15 कोहका निवासी निवासी रवि कुमार वर्मा ने घर में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक दुर्ग को लिखित शिकायत सौंपी है।

गुरुवार को एसएसपी को सौंपे गए ज्ञापन में रवि कुमार वर्मा ने बताया कि विगत 3 नवंबर 2023 को अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर सोने और चांदी के जेवरात चोरी कर लिए थे। घटना की सूचना तत्काल स्मृति नगर चौकी पुलिस को दी गई, जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज की गई। इसके बावजूद पुलिस ने अब तक न तो चोरों का पता लगाया और न ही चोरी गया सामान बरामद किया।

रवि कुमार वर्मा का कहना है कि उन्होंने बार-बार चौकी और थाने के चक्कर लगाए, लेकिन हर बार जांच

- **अज्ञात चोरों ने सूने घर में दी थी चोरी की घटना को अंजाम**

जारी होने की बात कहकर टाल दिया गया। पीड़ित द्वारा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराए जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। करीब दो साल बीत जाने के बावजूद मामले में प्रगति नहीं होने से पीड़ित ने अब पुलिस अधीक्षक से हस्तक्षेप की मांग की है। आवेदन में उन्होंने चोरी हुए सोने-चांदी के जेवरात की जल्द बरामदगी की मांग की है।

## जयंती स्टेडियम में इंद्रधनुषी झांकियां देंगी सांस्कृतिक विविधता व देशप्रेम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुबह 8 बजे इस्पात भवन और संयंत्र के एचआरडी व विभिन्न भवनों में भी ध्वजारोहण किया जाएगा। डीआईसी श्री महापात्र व ईडी पवन कुमार सहित सभी कार्यपालक निदेशक विभिन्न भवनों में ध्वजारोहण करेंगे। सेक्टर नौ हास्पिटल में ध्वजारोहण भिलाई महिला समाज की प्रमुख करेंगी और पदाधिकारी मरीजों को फल वितरित करेंगी।

नगर सेवाएं विभाग में झंडादोलन मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता करेंगे। इसके अलावा टाउनशिप के विभिन्न वार्डों में पार्षदों आदि करेंगे।

### बीएसपी के डीआईसी महापात्रा करेंगे ध्वजारोहण

इस्पात नगरी में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर आज इंद्रधनुषी झांकियां भिलाई के साथ देश के विविधता में एकता का संदेश देगी। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जयंती स्टेडियम में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में झांकियां और लोक नृत्य आकर्षण का केंद्र होंगे। इसके साथ ही इस्पात भवन और बीएसपी के जेएलएन हास्पिटल सहित विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके लिए प्रबंधन आज दिनभर तैयारी में जुटा रहा। गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ टाउनशिप में सोमवार को देशप्रेम के जज्बे और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर बीएसपी के भवनों व कार्यालयों सहित विभिन्न स्थानों पर झंडोदोलन के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। गणतंत्र दिवस समारोह जयंती स्टेडियम में सुबह 9 बजे से आयोजित होगा। यहां मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज चित्तरंजन महापात्रा ध्वजारोहण के साथ सीआईएसफ के जवानों के परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर बीएसपी के विभागों, इप्टा सहित विभिन्न संगठनों द्वारा तैयार मोहक झांकियों का प्रदर्शन किया जाएगा। संयंत्र के कार्य निष्पादन व विका सहित सांस्कृतिक विविधता, पर्यावरण, लोक कला आदि पर झांकियां निकलेंगी। पीछे विभिन्न लोकनृत्य लुभाएंगे। हजारों स्कूली बच्चे भी अपनी प्रतिभा से देशप्रेम का संदेश देंगे। हजारो लोग इसका नजारा लेंगे।

## कर्मियों को आधार बेस उपस्थिति व कर्मयोगी पंजीयन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगरीय निकाय में कार्यरत नियमित अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति आधार बेस प्रणाली के माध्यम से दर्ज किये जाने शासन द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपने एंड्रॉयड फोन से आधार बेस उपस्थिति दर्ज करेगें। पंजीयन हेतु नगर निगम भिलाई के जोन एवं मुख्य कार्यालय के प्लेसमेंट कम्प्यूटर आपरेटरों एवं डाटा एन्ट्री आपरेटर को प्रशिक्षण दिया गया है।

- **31 जनवरी तक आधार बेस उपस्थिति सभी के लिए अनिवार्य**
- **सर्टिफिकेट आनलाइन जनरेट किया जाएगा**

प्रशिक्षण की शुरूआत आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार एवं अपर आयुक्त राजेन्द्र कुमार दोहरे की उपस्थिति में तकनीकी सहायक दिलीप कुर्रे द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया है। सभी कर्मचारियों का अवकाश आनलाईन दर्ज किया जाएगा, उनके नोडल अधिकारी को अवकाश स्वीकृत-अस्वीकृत करने का अधिकार दिया गया है। इसी प्रकार कर्मयोगी पंजीयन में तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को शासन की वेबसाईट परिचय में जाकर पंजीयन करना है, पंजीयन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तक निर्धारित किया गया है। ये सभी कर्मचारी आनलाईन पंजीयन करने के बाद इच्छानुसार 3 कोर्स चयनित कर प्रश्न/उत्तर करेगें। जिसका सर्टिफिकेट आनलाईन जनरेट किया जाएगा। अप्रेल से इन कर्मचारियो का सीआर इस कोर्स के आधार पर भेजा जाएगा। तृतीय श्रेणी के कर्मचारियों को यह कोर्स करना अनिवार्य किया गया है।

**गणतंत्र दिवस पर लोकार्पण**

# मरोदा मार्केट में लगी शहीद आजाद की प्रतिमा, विशाल भगवाध्वज भी लहराएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम के मरोदा मार्केट में गणतंत्र दिवस के मौके पर शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थापित की गई है। खास बात यह है कि वार्ड 20 के पार्षद चंद्रप्रकाश सिंह निगम ने इस प्रतिमा को स्वयं के खर्च से बनवाया और लगा रहे हैं। दरअसल शहीद

- **वार्ड 20 की पार्षद की देशभक्ति पहल की सराहना**

चंद्रशेखर आजाद के नाम पर मरोदा मार्केट भी है। इसलिए पार्षद निगम ने यह पहल की है। पूरे मार्केट क्षेत्र में यह पहली शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा है। वार्डवासी पार्षद की इस देशभक्ति की काफी सराहना भी कर रहे हैं। व्यवसाईयों ने बताया कि शहीद आजाद के नाम पर यह मार्केट सालों पहले रखा गया था लेकिन इसकी पहचान नहीं बन पाई थी। कई पार्षद यहां बने लेकिन किसी ने इस मार्केट की सुध नहीं ली। मार्केट को व्यवस्थित करने में पार्षद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### शहीद प्रतिमा पर लहराएगा भगवा ध्वज

शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा स्थल को रंगरोगन कर आकर्षण तरीके से सजाया जा रहा है। चारों तरफ रेलिंग लगाई गई है ताकि शहीद की प्रतिमा सुरक्षित रहे। इसके बीच में एक छोटा गेट भी दिया गया है जिससे शेष दिनों में साफ-सफाई की जा सके। इसके अलावा प्रतिमा से लगा एक विशाल भगवा ध्वज भी लगाया जा रहा है। करीब सवा करोड़ की लागत से यह प्रतिमा व स्थल तैयार किया गया है।

### सासंद विजय व विधायक ललित करेंगे आज लोकार्पण

पार्षद चंद्रप्रकाश सिंह निगम ने बताया कि शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा का अनावरण गणतंत्र दिवस के मौके पर किया जाएगा। मुख्यअतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अध्यक्षता में शहीद की प्रतिमा का लोकार्पण होगा। विशेष अतिथि के रूप में जिलाभाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल , समाजसेवी सोनूराम सिंह उपस्थित रहेंगे। बैकुंठधाम विकास समिति के संरक्षक शत्रुहन धनकर ने बताया कि मरोदा खेल महोत्सव व जन उत्सव का भी आयोजन किया गया है। दोपहर 12 बजे से विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गई हैं।

# श्रम संहिताओं के खिलाफ यूनियनें एकजुट बीएसपी को हड़ताल का दिया गया मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

केंद्र सरकार की श्रम संहिताओं के खिलाफ देशव्यापी हड़ताल को भिलाई इस्पात संयंत्र में सफल बनाने के लिए यूनियनों ने तैयारी शुरु कर दी है। संयुक्त ट्रेड यूनियन, भिलाई (इंटक, एटक, एचएमएस, सीटू, ऐक्टू, लोईमो व स्टील वर्कर्स यूनियन) द्वारा चार श्रम संहिता के कार्यान्वयन की अधिसूचना की वापसी तथा मजदूर विरोधी चारों श्रम संहिताओं को निरस्त करने सहित केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों का मांग पत्र एवं बीएसपी के स्थायी व ठेका श्रमिकों की लंबित मांगों के समर्थन में 12 फरवरी को हड़ताल करने की लिखित सूचना बीएसपी के निदेशक प्रभारी, भिलाई के नाम बीएसपी औद्योगिक संबंध के महाप्रबंधक विकास चन्द्रा को सौंपा गया।

यूनियन के नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि चारों लेबर कोड मजदूर विरोधी है। श्रमिकों द्वारा दशकों से अर्जित अधिकारों पर हमला, हड़ताल के अधिकार को सीमित करना, स्थायी रोजगार को कमजोर करना तथा ठेका एवं अस्थायी रोजगार को बढ़ावा देना बताया।यह हड़ताल सिर्फ व सिर्फ मजदूरों के खिलाफ लाए गए श्रम संहिताओं के विरोध में नहीं है अपितु किसानों का न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी, बीज विधेयक, जन विरोधी विद्युत विधेयक सहित एवं जन विरोधी नीतियों की वापसी, जल, जंगल, जमीन व कृषि भूमि तथा खाद्य सुरक्षा की रक्षा का भी सवाल है।



### नई भर्ती पर रोक से बढ़ी परेशानी

बीएसपी में एक तरफ नई भर्ती पर रोक लगा दिया गया है तो दूसरी तरफ चालू ठेके में भी 20 प्रतिशत ठेका श्रमिकों की छटनी करने का आदेश जारी कर दिया है, और तो और ठेका श्रमिकों नौकरी की सुरक्षा किसी भी प्रकार से सुनिश्चित नहीं है। क्या ठेका श्रमिकों को अपने हितों की रक्षा करने का अधिकार नहीं है ? जब दूसरा कोई रास्ता नहीं होता है, हड़ताल करना अतिआवश्यक हो जाता है। यूनियनों ने बीएसपी के स्थायी व ठेका श्रमिकों से अपील करतमजदूर विरोधी तार श्रम संहिताओं के खिलाफ को हड़ताल को सफल बनाने की अपील की है।

## सड़क सुरक्षा माह : बिना हेलमेट और ड्रिंक एंड ड्राइव पर पुलिस की सख्ती

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर शिकंजा 139 वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से "ऑपरेशन सुरक्षा" अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सघन और कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटना संभावित ग्रामीण क्षेत्रों सेलूद, जामगांव (एम), कुम्हारी, चिखली चौक, ननकट्ठी से बोरी मार्ग, अंडा चौक और रिसामा में



विशेष टीम गठित कर नियमित वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। यह कार्रवाई प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से 10 बजे तक और दूसरी पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक की जा रही है। अभियान के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 25 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई। वहीं ड्रिंक एंड ड्राइव के मामलों में 12 प्रकरण तैयार कर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। इसके अलावा रैश ड्राइविंग के 2 मामलों और ट्रिपल सवारी के 15 मामलों में भी नियमानुसार कार्रवाई की गई। यातायात नियमों के अन्य उल्लंघनों जैसे बिना आवश्यक दस्तावेज, बिना सीट बेल्ट, गलत दिशा में वाहन चलाने और नियमों की अनदेखी करने पर कुल मिलाकर 139 चालान किए गए।

### स्कूल की छुट्टी के समय ट्रैफिक पुलिस ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

**भिलाई।** यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा गुरुवार को ऑपरेशन सुरक्षा के तहत सुबह 11.30 बजे स्कूल छुट्टी के समय केपीएस स्कूल नेहरू नगर के पास विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कुछ नाबालिग छात्र-छात्राएं मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करते हुए दोपहिया वाहन चला रहे थे। जांच में बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बिना हेलमेट, बिना वाहन पंजीयन और अन्य आवश्यक दस्तावेजों के वाहन चलाने के प्रकरण सामने आए। उक्त प्रकरणों में मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 4/181 नाबालिग द्वारा वाहन संचालन, 5/180 वाहन स्वामी की जिम्मेदारी, 129 हेलमेट न पहनना तथा 39/192 अपंजीकृत वाहन का संचालन के अंतर्गत कुल 25 वाहन स्वामियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 62,500 रुपए की राशि का ई-चालान किया गया। जिन नाबालिगों द्वारा वाहन चलाए जा रहे थे, उनके अभिभावकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 5/180 के अंतर्गत उत्तरदायित्व तय करते हुए ई-चालानी कार्रवाई की जाए।









भारत का गणतंत्र दिवस हर वर्ष 26 जनवरी को बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1950 में भारत का संविधान लागू हुआ और हमारा देश एक संपूर्ण गणराज्य बना। यह दिन हमें अपने अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाता है।






गणतंत्र दिवस भारतीय इतिहास का एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन भारत ने स्वयं को ब्रिटिश शासन के बनाए कानूनों से मुक्त कर अपना संविधान अपनाया। संविधान ने देश के प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार दिया। यह दिन हमारे लोकतंत्र की मजबूती का प्रतीक है।

## गणतंत्र दिवस का आयोजन

गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित किया जाता है। राष्ट्रीय ध्वज फहराते हैं और सेना, नौसेना तथा वायुसेना की भव्य परेड होती है। विभिन्न राज्यों की झांकियाँ भारत की सांस्कृतिक विविधता को दर्शाती हैं। वीर सैनिकों और बच्चों को वीरता पुरस्कार भी प्रदान किए जाते हैं।

## विद्यालयों में गणतंत्र दिवस

विद्यालयों में गणतंत्र दिवस बड़े उत्साह से मनाया जाता है। छात्र-छात्राएँ भाषण, कविता, नाटक और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। ध्वजारोहण किया जाता है और राष्ट्रगान गाया जाता है। बच्चों में देशभक्ति की भावना जागृत होती है।

गणतंत्र दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है। हमें संविधान का सम्मान करना चाहिए, देश के नियमों का पालन करना चाहिए और एक जिम्मेदार नागरिक बनकर देश की प्रगति में योगदान देना चाहिए।

गणतंत्र दिवस हमें गर्व महसूस कराता है कि हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश के नागरिक हैं। आइए, इस पावन अवसर पर हम सभी देश की एकता, अखंडता और संविधान की रक्षा का संकल्प लें।

























जय जोहार
जय छत्तीसगढ़
मान. नितिन नबीन जी
को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की हार्दिक बधाई
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण
की बैठक में पधारें
मान. विष्णुदेव साय जी का
दुर्ग की पावन नगरी में स्वागत एवं अभिनंदन
मनोज सोनी
जिला उपाध्यक्ष-भाजपा दुर्ग
ललित चंद्राकर
विधायक - दुर्ग ग्रामीण
उपाध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं
अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण
विनीत : भारतीय जनता पार्टी, जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़)
भाजपा
भाजपा